वर्षः 7- अंकः 25, मुंबई, गुरुवार, 02 मार्च, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर

# मुंबई में शिवसेना का मेयर

## पीएम नरेंद्र मोदी का सीएम फडणवीस को इशारा

### क्या है पूरा मामला...

बीएमसी चुनाव में शिवसेना को 84 सीटें मिली है जबकि बीजेपी को 82 सीटें मिली है। लेकिन अन्य दल और निर्दलीय कैंडिडेट्स की सहायता से दोनों पार्टियां अपना अपना मेयर बनाना चाहती है।

### गठबंधन बनाने के अलावा को चारा नहीं

बीजेपी और शिवसेना के पास गठबंधन बनाने के अलावा को चारा नहीं है, इस बारे में सीएम ने पीएम मोदी से चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने बीएमसी और राज्य में हुए चुनाव का ब्यौरा पीएम मोदी के सामने रखा।



आदिल खान

**मुंबई।** मुंबई में महापौर पद दो के लेकर बीजेपी और शिवसेना के बीच चल रही खींचतान को लेकर बीजेपी दो कदम पीछे हट सकती है। इस बारे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने पीएम नरेंद्र मोदी से मंगलवार को दिल्ली में चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक राज्य में फड़णवीस सरकार के पांच साल पूरे होने के लिए लिए बीजेपी शिवसेना को साथ लेकर चलने का संकेत मिल रहा है।

महानगर पालिका चुनाव के नतीजे आने के बाद मुंबई में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी के बीच चूहे-बिल्ली का खेल जारी है। भले ही इसकी आवाजें किसी को सुनाई न दे रही हों और न ही दोनों दलों के नेताओं की छटपटाहट किसी को दिखाई दे रही हो। चुनाव मे विजयी घोषित दोनों दलों के उम्मीदवार चुपचाप अपने नेतृत्व पर टकटकी लगाए चुपचाप उन्हें निहार रहे हैं। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




### आवश्यक सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें।।
**(9619102478)**

### रामजस कॉलेज विवाद

## मारपीट में एबीवीपी के दो छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एबीवीपी ने मारपीट के आरोप में गिरफ्तार अपने दो सदस्य छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की है। एबीवीपी ने प्रशांत और विनायक नाम के इन छात्रों को प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। इन दोनों छात्रों पर कल दिल्ली के खालसा कॉलेज की लालबत्ती के पास वामपंथी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना में शामिल होने का आरोप है। एबीवीपी ने मारपीट की इस घटना की निंदा करते हुए कहा है कि वो कैंपस में हिंसामुक्त माहौल बनाने के हक में हैं। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**



**क्या है रामजस कॉलेज विवाद ?**

डीयू के रामजस कॉलेज के एक सेमिनार में जेएनयू के छात्र उमर खालिद को बुलाने से जुड़ा है। देशविरोधी नारे लगाने के आरोपी उमर के साथ ही कन्हैया कुमार और अनिर्बान पिछले साल जेल गए थे। एबीवीपी के विरोध के बाद सेमिनार तो रद्द कर दिया गया लेकिन एबीवीपी और वामपंथी छात्र संगठन आमने-सामने आ गए थे।

## बच्चों की तस्करी में बीजेपी नेता गिरफ्तार

**17 बच्चों को बेचने का आरोप**



**कोलकाता।** भ्रष्टाचार और घोटालों से दूर रहने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की एक नेता को बच्चों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। बीजेपी नेता जूही चौधरी को अदालत ने 12 दिनों की सीआईडी की हिरासत में भेज दिया है। जूही को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया गया। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## सेल्फी पॉइंट बंद करने का मनसे ने लिया निर्णय

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# रेप कर जान से मारने की धमकी देनेवाला अरेस्ट

**मुंबई।** शिवसेना की महिला प्रवक्ता एवं विधायक नीलम गोर्हे को रेप कर जान से मारने की धमकी देने वाले को पुलिस मुंबई के विलेपार्ले इलाके से देर रात गिरफ्तार किया है। इस शख्स ने इससे पहले कई राजनीतिक लोगों धमकी भरे कॉल्स करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है। शिवसेना की महिला प्रवक्ता नीलम गोर्हे को पिछले दस दिनों से एक नंबर से भद्दे कमेंट वाले मैसेजेस आ रहे थे। इसके अलावा उन्हें रेप कर जान से मारने की धमकी भी देने के मैसेजेस यह दीपककुमार गुप्ता नामक शख्स भेज रहा था। नीलम गोर्हे ने अपना सीम ब्लॉक किया तो दूसरे सीम पर भी गुप्ता मैसेजेस भेजने लगा। इस बारे मे उन्होंने मुंबई पुलिस कमिश्नर देवेन भारती और पुणे पुलिस कमिश्नर रश्मि शुक्ला से शिकायत की थी। उनकी शिकायत मिलने के बाद दोनों शहरों की पुलिस ने इस बारे में जांच शुरू कर दी थी। देर रात मुंबई पुलिस ने दीपक कुमार को विलेपार्ले से गिरफ्तार किया, वह पहले भी इस तरह लोगों को कॉल कर चुका



है। हालांकि दीपककुमार नीलम गोर्हे को किसलिए धमकाया इस बारे में पता नहीं चला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। रेप पीड़िता को महिला दारोगा ने थाने से खदेड़ा, बोली नहीं दर्ज होगा मुकदमा3 साल की बच्ची के साथ रेप मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच करेगीसर्कस की लड़कियों के रेप से रंगरलियों तक,इन 10 नेताओं पर ऐसे हैं आरोप दीपककुमार मूल रुप से जलगांव का रहने वाला है। वह आरटीआई एक्टिविस्ट भी है। पिछले साल उसने धुले के एक नेता को भी धमकाया था। महाराष्ट्र विधानपरिषद की सदस्य नीलम गोर्हे शिवसेना की महिला प्रवक्ता हैं नीलम गोर्हे महाराष्ट्र में महिला अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाती हैं। वह स्पेशल राइट कमिशन की सदस्य भी रही हैं। वह पीछले कई सालों से पुणे में रह रही हैं।

# 96 लाख रुपए के पुराने नोट जब्त, चार गिरफ्तार



**मुंबई।** ठाणे पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 96 लाख रुपए के पुराने नोट जब्त किए हैं। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में पुराने नोटों को नए नोटों से बदलने के चक्कर में आरोपी पुलिस के जाल में फंसे हैं। पुलिस के साथ-साथ आयकर विभाग भी मामले की छानबीन कर रही है। पहले मामले में सोमवार शाम गुप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने ठाणे के गोल्डन ईगल नाका इलाके से मोटरसाइकिल से पहुंचे चेतन रंधावा को गिरफ्तार किया है। रंधावा की तलाशी पर पुलिस को उसके पास से 50 लाख रुपए के पुराने नोट मिले हैं। इनमें से पांच नोट एक हजार रुपए के और 9990 नोट पांच सौ रुपए के थे। इसी तरह एक और मामले में पुलिस ने शनिवार को ठाणे के जांभोली इलाके से एक कार से बंद हो चुके 500 के 2450 और एक हजार रुपए के 4300 नोट जब्त किए।

# 22 साल पहले बरी आरोपी को उम्र कैद की सजा

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हत्या व घरेलू हिंसा के मामले से 22 साल पहले बरी आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 12 सप्ताह के भीतर पुलिस के सामने उसे आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति वीके ताहिलरमानी व न्यायमूर्ति रेवती मोहिते ढेरे की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया है। इससे पहले 1995 में सातारा की कोर्ट ने आरोपी रामचंद्र लोखंडे को मामले से बरी कर दिया था। निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ सरकार ने 1995 में हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने आरोपी को आजीवन कारावास




की सजा सुनाई है।

क्या है मामला लोखंडे अक्सर शराब के नशे में पत्न ी के साथ मारपीट करता था। दोनों को एक बेटा भी था। एक दिन कमरे में जली हुई अवस्था में लोखंडे की पत्नी की लाश मिली। इसके बाद लोखंडे के पड़ोसी ने उसके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। लोखंडे के वकील ने अदालत में दावा किया कि उसके मुवक्किल की पत्नी ने आत्महत्या की है। जबकि अभियोजन पक्ष ने लोखंडे के पड़ोसी व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कहा कि पीड़िता की चाकू मारकर हत्या की गई है। बाद में उसे जला दिया गया है।

# ईवीएम पर राकांपा ने खड़े किए सवाल

## निकाली ईवीएम मशीन की अंतिम यात्रा

**मुंबई.**राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री जयंत पाटील ने चुनावों में मतदान के लिए इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल खड़े किए हैं। मंगलवार को पाटील ने कहा- राज्य में हुए महानगर पालिका और जिला परिषद के चुनाव के बाद कई स्थानों पर ईवीएम में छेड़छाड़ को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही है। राज्य के कई जिलों में भाजपा ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ-साथ शिवसेना को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए मुझे लग रहा है कि ये तीनों दल इस मुद्दे पर साथ आने की स्थिति में आ गए हैं। पाटील ने कहा- पार्टी के उम्मीदवारों के सैकड़ों समर्थक होने के बावजूद उनको कोई वोट नहीं मिला है। इससे अलग-अलग स्तर पर संदेह जताया जा रहा है। इससे पहले उपनगर के मुलुंड इलाके में सर्वदलीय



मोर्चा निकाला गया। ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजेश इंगले ने ईवीएम में कथित रूप से छेड़छाड़ का दावा किया।

इंगले ने कहा कि भाजपा ने ईवीएम में गड़बड़ी करके चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि मुलुंड में दोबारा मतदान होना चाहिए। इस मोर्चे में भाजपा को छोड़कर बाकी सभी दलों के नेताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस.खान द्वारा एस.आर.प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को.ऑ.हॉ.सो.बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस.वी.रोड,मालाड (प.) मुंबई से प्रकाशित RNI NO.MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975 कार्यकारी संपादक - सी.हरीश
email: mumbaihalchal@gmail.com संपादकः **दिलशाद एस.खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## मॉनसून से पहले सिंधुरक्षक होगी सेवानिवृत्त

**मुंबई।** भारतीय नौसेना सबमरीन सिंधुरक्षक पोत मॉनसून से पहले सेवानिवृत्त किया जाएगा। फिलहाल रक्षा मंत्रालय इसकी तारीख तय करने में जुटा है। कठर विराट पर आयोजित समारोह में भारतीय नौसेना चीफ इन कमांड वेस्टर्न नवल गिरीश लूथरा ने सिंधुरक्षक सबमरीन के सेवानिवृत्त किए जाने के बारे में कहा कि मॉनसून से पहले ही सिंधुरक्षक को सेवानिवृत्त किया जाएगा। हालांकि उन्होंने इसके लिए किसी तारीख का जिक्र नहीं किया है।

बता दें कि रूस में निर्मित पनडुब्बी कठर सिंधुरक्षक को भारतीय नौसेना में 1997 में शामिल किया गया था। इसकी लागत 400 करोड़ रुपये थी। 16 साल तक भारत की सेवा करने के बाद अगस्त 2013 में युद्धपोत पर भीषण आग लग गई थी। इस दुर्घटना में 18 नेवी जवानों की मौत हो गई थी। इसके बाद सिंधुरक्षक को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया गया था। सिंधुरक्षक की सेवानिवृति की तारीख हालांकि अब तक तय नहीं की गई है। गिरीश लूथरा ने बताया कि इसकी तैयारियां की जा रही हैं।

# पश्चिम रेलवे में हिन्दी कार्यशाला आयोजन संपन्न

राधिका यादव

**मुंबई।** चर्चगेट स्थित पश्चिम रेल्वे के प्रधान कार्यालय में मुख्य राजभाषा अधिकारी एम.के. गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार 23 फरवरी को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया था । इस हिन्दी कार्यशाला में उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने राजभाषा प्रगति रिपोर्ट तैयार करने और उप मुख्य संरक्षा अधिकारी ललित मोहन पपनोई ने प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग में आने वाली समस्याएँ एवं समाधान विषय पर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यापक जानकारी दी गयी थी ।




गौरतलब है कि पश्चिम रेलवे के चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में हिंदी कार्यशाला का 23 फरवरी को आयोजन किया गया था । जिसमे मुख्य राजभाषा अधिकारी एम. के. गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए राजभाषा में कार्य को बढ़ाने के लिए हिंदी के सरल एवं प्रचलित शब्दों का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधान कार्यालय में हिंदी के कार्यों को बढ़ाने के लिए अंग्रेजी के प्रचलित शब्दों को देवनागरी में लिखने का सुझाव दिया। इस हिन्दी कार्यशाला में पश्चिम रेलवे के 52 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके पश्चात व्याख्यानों पर आधारित एक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इस प्रश्न मंच में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी और समसामयिक विषयों से सम्बंधित प्रश्न पूछे गये। इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी को तत्काल नकद राशि प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# 9 मार्च को मेयर का चुनाव, 18 मार्च को स्टेट बजट

**मुंबई।** राज्य विधानसभा का बजट अधिवेशन 6 मार्च से शुरू होगा और 18 मार्च को बजट पेश किया जाएगा। इस बीच 9 मार्च को मुंबई महानगरपालिका में नए मेयर का चुनाव होगा। महापौर के चुनाव के लिए अगर शिवसेना-इखढ में समझौता नहीं हुआ तो इसका असर विधानमंडल के बजट सत्र में भी देखने को मिलेगा।

महापौर चुनाव के लिए एक-दो दिन में ही नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। संभवतः 4 मार्च को महापौर के लिए नामांकन किया जाएगा। शिवसेना अपना महापौर बनाने के लिए आंकड़ों की बाजीगरी में जुट गई है। म्युनिसिपल सेक्रेटरी कार्यालय के मुताबिक, स्थानीय निकाय होने के चलते सबसे ज्यादा नगरसेवकों के समर्थन वाली पार्टी मेयर बना सकती है, भले ही वह बहुमत के आंकड़े से दूर ही क्यों न हो।

इससे पहले सभी नगरसेवकों को कोकण आयुक्त के सामने अपनी भूमिका



रखनी होगी। इन आंकड़ों में दूसरे नंबर पर आने वाली पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाएगी। 4 निर्दलीय नगरसेवकों के समर्थन से शिवसेना के नगरसेवकों की संख्या 88 हो गई है। मराठी अस्मिता के नाम पर टठर के 7 वोट भी शिवसेना की झोली में आ सकते हैं। वहीं, बीजेपी को अपने 82 के आंकड़े को आगे बढ़ाने में खासी मुश्किल हो रही है। एकाध निर्दलीय के अलावा पार्टी को कहीं से बड़ा समर्थन मिलता दिखाई नहीं दे रहा है।

### 23 दिन का बजट सत्र

सोमवार को विधानमंडल की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में तय किया गया कि बजट सत्र 23 दिन चलेगा। 18 मार्च को दोपहर 2 बजे बजट पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री गिरीष बापट ने बताया कि बजट सत्र में दो लंबित विधेयक और 6 अध्यादेश पेश किए जाएंगे। इनमें बालासाहेब ठाकरे के स्मारक के लिए महापौर बंगले की जमीन देने का रास्ता साफ करने वाला मुंबई महानगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश 2017 प्रमुख होगा।

## चाकू ले अनजाने में बेटी पर गिरा पिता, युवती की मौत



**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव में दो पड़ोसियों का झगड़ा एक दर्दनाक हादसे में बदल गया। झगड़े के दौरान पिता अनजाने में अपनी 17 साल की बेटी का कत्ल कर बैठा। मृतक मेघना अगावने (17) के पिता ने हाथ में चाकू ले रखा था। पड़ोसियों के धक्का देने पर वह बेटी के ऊपर ही गिर गया। चाकू लगने से मेघना की मौत हो गई। गोरेगांव (वेस्ट) पुलिस ने बताया कि पेशे से ड्राइवर मेघना के पिता राजेश (41) के परिवार का पड़ोसियों से झगड़ा हो गया। इस दौरान धक्का लगने से वह अपना नियंत्रण खो बैठे और बेटी पर ही गिर गए। राजेश ने किचन में रखा चाकू ले रखा था और गिरने पर चाकू बेटी की छाती के पार हो गया।

# बनेगा होटल, संग्रहालय या कबाड़, क्या होगा कठर विराट का हश्र?

**मुंबई।** दुनिया का सबसे पुराना युद्धपोत कठर विराट 6 मार्च को भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा। क्या इसका भी वही हश्र होगा, जो विक्रांत का हुआ था? विक्रांत को स्क्रैप में बेच दिया गया था। या रक्षा मंत्रालय इसे संग्रहालय बनाएगा या फिर आंध्र सरकार इस पर होटल बनाएगी? पश्चिम नेवल कमांडर इन चीफ गिरीश लूथरा ने सोमवार को मुंबई में एक समारोह के दौरान बताया कि कठर विराट के बारे में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

लूथरा के मुताबिक, भारतीय समुद्र तटों की रक्षा के लिए 3 युद्धपोतों की आवश्यकता है। इनमें से भारत के पास सिर्फ 2 युद्धपोत हैं। इनमें भी कठर विराट के सेवानिवृत्त होने से भारत के पास सिर्फ एक ही एयरक्राफ्ट करियर युद्धपोत विक्रमादित्य रह जाएगा। ऐसे में समुद्र में भारत की शक्ति कम हो सकती है। विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत कोच्चि में बनाया जा रहा है। इसकी कमिशनिंग में 2 से 3 साल लग सकते हैं।

### नई पॉलिसी पर काम

गिरीश लूथरा ने बताया कि रिटायर हुए युद्धपोतों को देश की धरोहर के रूप में रखने के लिए रक्षा मंत्रालय नई पॉलिसी पर काम कर रहा है। इस पॉलिसी के तहत युद्धपोतों को सेवानिवृत्त करने के बाद उन्हें डिस्प्ले, म्यूजियम या किसी और रूप में परिवर्तित किया जाएगा। कठर विराट ने कई बड़े मिशन में भाग लिया। इनमें जुपिटर मिशन और पराक्रम मिशन महत्त्वपूर्ण हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### शासन के सधे कदम

बिहार कर्मचारी चयन आयोग के पेपर लीक मामले में दबाव की रणनीति के बीच शासन के कदम सधे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि कानून सबके लिए बराबर है। वे मामले के कानूनी और संवैधानिक दोनों पहलू को देखेंगे। यह भी कहा कि सरकार के स्तर पर लिया गया निर्णय लैंडमार्क होगा। सरकार की नीति है न किसी को फंसाएंगे और न किसी को बचाएंगे। वाकई इसी रास्ते से न्याय तक पहुंचा जा सकता है। गौरतलब है कि इस मामले में आइएएस एसोसिएशन पीछे हटने के मूड में नहीं है। एसोसिएशन के सदस्यों ने सड़क पर उतरकर एकजुटता दिखाई। बांह पर काली पट्टी बांधकर अपने कार्यों का निष्पादन किया। एक प्रतिनिधिमंडल विधानसभा अध्यक्ष से भी मिला। आयोग के अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस संबंध में मुख्यमंत्री का कहना है कि एसोसिएशन के सदस्य उनसे मिले थे, लेकिन कोई ज्ञापन नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने मामले की सीबीआइ जांच कराने से साफ इन्कार कर दिया है। इसके पीछे उनके तर्कों पर भी गौर करना होगा। एसआइटी और सीबीआइ जांच के दो उदाहरण देते हुए कहा सीबीआइ की जांच वहीं जाकर अटक गई, जहां तक एसआइटी पहुंची। इनमें से एक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि एसआइटी ने अतिशीघ्रता से जांच को मुकाम तक पहुंचाया। दूसरा उदाहरण बरमेश्वर मुखिया हत्याकांड का देते हुए कहा कि हमारी पुलिस इसकी जांच में जहां तक पहुंची सीबीआइ उससे आगे नहीं बढ़ सकी। जाहिर है, त्वरित और निष्पक्ष जांच पर मुख्यमंत्री एसआइटी पर भरोसा करते हैं। बीएसएससी पेपर लीक प्रकरण में जिस त्वरित गति से तथ्य सामने आए उससे तो यही कहा जा सकता है कि एसआइटी की जांच की दिशा सटीक और सही है। विपक्ष को भी मुख्यमंत्री ने यह कहकर चुनौती दी कि यदि उसके पास पेपर लीक प्रकरण में मंत्रियों या विधायकों की संलिप्तता के साक्ष्य हैं तो प्रस्तुत करे। इस मामले की जांच को लेकर जिस प्रकार एसोसिएशन के स्वर में विपक्ष का स्वर मिल रहा है, कहना अनुचित न होगा कि जांच की दिशा प्रभावित हो सकती है। यह भी सच है कि सरकार भी आइएएस अधिकारियों को नाराज नहीं करना चाहती। इसी वजह से मुख्यमंत्री ने कानूनी और संवैधानिक दोनों पहलू से मामले को देखने की बात कही है। लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़े इस प्रकरण की जांच के प्रति सभी को गंभीरता से विचार करना होगा। विरोध या टकराव की जगह परस्पर सहयोग की भावना से ही न्याय की राह निकलेगी।

## सुविचार

**अगर जिंदगी में कुछ पाना है तो ....**
**अपने तरीके बदलो इरादे नहीं**

# अपने ही जाल में उलझा पाकिस्तान

रूना लैला की रूहानी आवाज में ह्यदमा दम मस्त कलंदरह्न सुनने के साथ ही दिलोदिमाग पर सूफियत की रूमानियत छा जाती है, मगर जब यह खबर सुनने को मिले कि सूफियत की मक्का मानी जाने वाली शहबाज कलंदर की दरगाह पर दहशतगर्दों ने दर्जनों बेकसूरों की जान ले ली तो दिल में एक गहरी सी टीस उठती है। प्रेम की शक्ति से पोषित मध्यमार्गी सूफीवाद पर ऐसी चोट क्यों की जा रही है? सूफी इस्लाम की वह धारा है जिसे हिंदुओं और सिखों जैसे दूसरे मजहबों से भी बराबर का आदर मिलता है। ऐसी जगह हमला मन को आकुल ही करता है। सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है? असल में अतीत की तमाम गलतियां इसके मूल में हैं जिनके राजनीतिक एवं सामरिक निहितार्थ भी हैं, मगर कुछ जड़ें खासी गहरी हैं जिन पर ध्यान देने की दरकार है। इसके लिए हमें अतीत के ज्यादा पुराने पन्ने नहीं पलटने होंगे। फिलहाल सबसे बड़ी तात्कालिक चिंता यही है कि पड़ोस में साल भर के अंदर एक और बड़े आतंकी हमले ने दस्तक दी है। इससे पहले बांग्लादेश में बेकसूर लोग इसकी भेंट चढ़े थे। दोनों हमलों की कड़ी एक ही है। यह कड़ी है आइएसआइएस यानी दाएश। हालांकि ढाका हमले में उसकी भूमिका पर संदेह हैं, लेकिन इतना भी नहीं कि उसे संदेह का लाभ दिया जा सके। इराक और सीरिया के अपने गढ़ों में दाएश गहरे दबाव में है। लिहाजा वह दूसरे देशों में अपनी ताकत दिखा रहा है।

शुरू में हमने सोचा कि उसकी दक्षिण एशियाई कड़ी कमजोर होगी, क्योंकि वह उन इलाकों में दाखिल नहीं होगा जहां पहले से ही कायम दहशतगर्द धड़ों से उसे प्रतिस्पर्धा करनी पड़े। अगर पाकिस्तान में हुए इस हमले में दाएश का हाथ है तो समझिए कि उसका दांव काफी ऊंचा लगा हुआ है। इन आशंकाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि इसे खुद पाकिस्तान की पैदाइश तहरीके तालिबान ने अंजाम देकर उसे दाएश का नाम दे दिया हो। अमूमन ऐसा देखने को मिलता नहीं कि आतंकी समूह अपने घृणित कार्यों का श्रेय किसी और को लेने दें। शायद यह ट्रंप के खिलाफ संयुक्त रूप से लामबंदी की कोई कोशिश हो जिसमें अंतरदेशीय आतंकी समूहों ने आपसी सहयोग का कोई नया तरीका तलाशा हो। अगर ऐसा है तो स्वाभाविक रूप से भारत भी जल्द ही उसका निशाना बनेगा। यहां भले ही सबकी निगाहें जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर या मध्य भारत पर लगी हों, लेकिन दक्षिण भारत को लेकर खासा सतर्क रहने की जरूरत है।

दूसरा अहम मुद्दा यह है कि कुछ तात्कालिक उपायों से चरपमंथी हिंसा से अस्थायी रूप से तो निपटा जा सकता है, लेकिन उसे व्यापक हल समझना भारी भूल होगी। पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व इस उपलब्धि को लेकर अपनी पीठ थपथपाता है कि पिछले एक दशक में कराची, नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर जैसे इलाकों में बेकाबू होती हिंसा का उसने दमन किया है। अपनी इन्हीं बहुप्रचारित सफलताओं के दम पर राहिल शरीफ पश्चिम एशिया में आतंक विरोधी इस्लामिक गठजोड़ के मुखिया भी बन गए। हिंसा पर कुछ हद तक लगाम लगाने में पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व को श्रेय दिया जा सकता है, लेकिन वह अपनी राष्ट्रीय कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में नाकाम रहा है। इस योजना को दिसंबर 2015 में पेशावर आर्मी स्कूल में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद बनाया गया था। सेना अपनी व्यापक जिम्मेदारियों के निर्वहन में नाकाम हो रही है, क्योंकि पंजाब केंद्रित आतंकी समूहों को लेकर उसकी नरम नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन आतंकी समूहों को भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। यहां तक कि नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल की भी ऐसे समूहों से नजदीकी रही है।

अमेरिका में बदली नीतियों के अनुरूप जमात-उत-दावा के मुखिया हाफिज सईद पर कसी नकेल आतंक के खिलाफ लड़ाई का प्रभावी तरीका नहीं और अमेरिका में कोई इससे प्रभावित भी नहीं होगा। पंजाब में पीएमएल की ताकत में आतंकी रिश्तों और अन्य आपराधिक गतिविधियों की अहम भूमिका है और चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। लिहाजा सूरतेहाल में बदलाव के हाल-फिलहाल आसार नहीं हैं। अफगानिस्तान को लेकर पाकिस्तान का जुनून जगजाहिर है। वहां उसके दो मकसद हैं। एक तो अपनी पैठ बढ़ाना और दूसरा भारत के प्रभाव को घटाना। इसके लिए भी उसने सामरिक धड़े तैयार किए हैं। आइएसआइ द्वारा खड़े किए तालिबान और हक्कानी नेटवर्क इसकी मिसाल हैं। पाकिस्तान इनसे आसानी से पीछा नहीं छुड़ा सकता। वहीं पाकिस्तान ने 2014 में बड़ा सामरिक मौका गंवा दिया जब अशरफ गनी ने तालिबान को लेकर सभी विकल्प सामने रखे, मगर पाकिस्तान किसी निर्णायक नतीजे पर नहीं पहुंच पाया और अफगानिस्तान सामरिक परिदृश्य से बाहर हो गया। जब आतंकी हमलों का सिलसिला लाल शहबाज कलंदर की दरगाह तक जा पहुंचा तो उसने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा को कुपित कर दिया और अभी तक तार्किक माने जाने वाले बाजवा ने सख्त सैन्य कार्रवाई का फैसला किया। इसमें बड़ी संख्या में कथित आतंकियों को मारा गया और अफगानिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के लिए सीमा-पार अभियान भी चलाया गया।

इससे अफगानिस्तान के साथ राजनीतिक रिश्ते और तल्ख होंगे। आतंक का फन कुचलने में पाकिस्तानी सेना के दावे पर यकीन कम ही होता है। इस नीति के आधार पर पाकिस्तान अपनी पश्चिमी सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। इस इलाके में स्थायित्व को लेकर पाकिस्तान के रणनीतिक सहयोगी चीन का भी दांव लगा है, क्योंकि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की पूर्ण सफलता के लिए यहां सुरक्षा परिदृश्य बेहतर होना जरूरी है जिसके निर्माण पर चीन पानी की तरह पैसा बहा रहा है। अफगानिस्तान को लेकर अभी चीन की समझ भी पर्याप्त नहीं है। अफगानिस्तान में रूस की फिर वापसी हुई है और वह चीन और पाकिस्तान के साथ नए समीकरण बना रहा है, लेकिन ऐसे आसार कम हैं कि सामरिक नजरिये से वह पाकिस्तान की रणनीति पर मुहर लगाएगा। इस्लामिक आतंकवाद से उपजी हिंसा को लेकर उसकी अपनी चिंताएं हैं और वह किसी भी लिहाज से इसे फलने-फूलने नहीं देगा।

भारत से बदला लेने के लिए बनाई जिया उल हक की रणनीति को सिरे चढ़ाना पाकिस्तान के लिए, मुश्किल होगा। इसके मूल में पाकिस्तान का वह मूर्खतापूर्ण निर्णय है जिसमें उसने सूफीवाद पर सऊदी आयातित सलाफी विचारधारा को तरजीह दी। उसका मानना था कि इससे देश की भावना इस्लामिक बनाई जा सकेगी। अब यही चरमपंथी सलाफी ब्रांड पूरी दुनिया के लिए नासूर बन गया है और इसने खुद पाकिस्तान के हितों पर गहरी चोट की है। पाकिस्तान में सूफी, शिया और गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ सलाफी संघर्ष आने वाले दिनों में और तेज होगा और पाकिस्तानी सेना कितने भी जतन कर ले उस पर काबू पाने में नाकाम ही रहेगी। इकलौता उपाय चरपमंथी विचारधारा से किनारा करना है। इसके लिए शैक्षिक तंत्र, संस्थानों में धार्मिक विमर्श और इस्लाम में आस्था के मूल चरित्र में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है। पड़ोसी की राह बदलने में भारत के लिए भी उसके अंतर्निहित खतरे बने रहेंगे। यह रातोरात बदलने वाला नहीं। यही वजह है कि भारत को समन्वय वाली संस्कृति को प्रभावी रूप से प्रोत्साहित करना चाहिए। इसमें सूफीवाद बहुत काम आग आएगा। इसके लिए समूचे भारत खासतौर से जम्मू-कश्मीर में ऐसे सूफी मेलजोल को बढ़ाने और सलाफी जड़ों को काटने की जरूरत होगी।

# भटकाव का शिकार वामपंथी नेतृत्व

अमेरिका और भाजपा विरोध को अपनी ह्यविचारधाराह्न बनाकर वामपंथी नेता विविध भारत विरोधी, सांप्रदायिक, अलगाववादी, जातिवादी, भ्रष्ट ताकतों तक के साथ किस तरह एकजुटता दिखाते हैं, इसका ताजा उदाहरण है उनका जेएनयू के वाम रुझान वाले छात्रों के समर्थन में आगे आना। एक बार फिर पता चल रहा है कि किसी सामान्य व्यक्ति को जो दिखता है, वामपंथी उसे देखने से इन्कार करते हैं। वास्तव में वामपंथी नेता केवल विधानसभा, संसद में ताकत बढ़ाने की चाह रखते रहे हैं, मगर भंगिमा यह बना रखी है कि यह सब वे ह्यशोषित-वंचित वर्गों के हित मेंह्न कर रहे हैं। यह दोहरापन उन पर भारी पड़ा है, क्योंकि उन्होंने उत्पीड़क और उत्पीड़ित की पहचान सच्चाई के बदले अपनी पूर्व-निर्धारित धारणा से तय की। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है- आतंकवाद, अलगाववाद और सांप्रदायिकता पर वामपंथियों का रुख। अधिक दिन नहीं हुए जब कई बड़े नेता वामपंथी पार्टियों को अपने मोर्चे में जोड़ने को तैयार रहते थे। एक बार स्वयं इंदिरा गांधी ने भाकपा के नेता मोहित सेन से मिलकर उनकी पार्टी को साथ आने का निमंत्रण दिया था। यह वर्ष 1978-79 की बात है। यदि उसे स्वीकारा गया होता तो देश में भाकपा सबसे बड़ी वामपंथी पार्टी बनी रहती। बाद में भी वीपी सिंह, लालू, मुलायम और करुणानिधि सहित कई नेता वामपंथियों को ह्यस्वभाविक सहयोगीह्न मानते थे, लेकिन अब इन्हें कोई नहीं पूछता। एक जमाने में बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और आंध्र में वामपंथियों की अच्छी उपस्थिति थी। अब वह नगण्य है। इसका कारण एक कम्युनिस्ट नेता के अनुसार 1990 के दशक से हिंदी प्रदेशों में जाति और धर्म की राजनीति की जड़ें जमना है, लेकिन यह सच नहीं। मजहबी राजनीति को स्वयं कम्युनिस्टों ने ही सक्रिय समर्थन देकर पाकिस्तान बनवाया था। उसी तरह जाति आधारित राजनीति भी लोहिया ने बहुत पहले स्थापित कर दी थी, जो स्वयं वामपंथी थे। फिर भाजपा को हराने के नाम पर खुद कम्युनिस्टों ने घोर जातिवादियों को समर्थन दिया। इतना कि कई कम्युनिस्ट उन्हीं जातिवादी पार्टियों में चले गए।

देश में मजहबी और जातिवादी राजनीति को सामर्थ्यवान बनाने में कम्युनिस्टों का बड़ा योगदान है। सोवियत संघ के खात्मे और चीन के पूंजीवादी राह पर वापस मुड़ने से मार्क्सवादी विचारधारा का खालीपन जग-जाहिर हो गया। फिर भी वही विचारधारा पकड़े रहने से भारतीय कम्युनिस्ट अपना समर्थन खोने लगे। जब तक मार्क्सवाद एक विकल्प दिखता था तब तक उनके समर्थकों में एक मनोबल था।

# मुआवजा सरकार की जिम्मेदारी चैरिटी नहीं : हाई कोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि रेप विक्टिम भिखारी नहीं होती हैं, उन्हें मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है, ये कोई दान नहीं है। चीफ जस्टिस मंजुला चेल्लुर और जस्टिस जीएस कुलकर्णी ने 14 साल की एक रेप विक्टिम की पिटीशन पर सुनवाई करते हुए ये कहा। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इस मामले में महाराष्ट्र सरकार के रवैये को क्रूर करार दिया। विक्टिम ने मांगा था 3 लाख का मुआवजा.न्यूज एजेंसी के मुताबिक रेप विक्टिम ने मनोधैर्य योजना के तहत राज्य सरकार से 3 लाख रुपए का मुआवजा मांगा था। बोरीवली की रहने वाली विक्टिम ने आरोप लगाया था कि एक शख्स ने शादी का झांसा देकर उससे रेप किया। हाईकोर्ट की बेंच को बताया गया कि विक्टिम ने पिछले साल अक्टूबर में पिटीशन फाइल की थी। जिसके बाद सरकार ने मुआवजे के तौर पर उसे 1 लाख रुपए दिया था। सरकार ने कहा था-



सिर्फ 2 लाख मुआवजा देंगे मामले की पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया था कि वह सिर्फ 2 लाख रुपए मुआवजे के तौर पर विक्टिम को देगी क्योंकि ऐसा लगता है कि घटना आम रजामंदी से हुई थी। इससे खफा होकर हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा, 14 साल की लड़की में इस सब की समझ होने और ऐसे मेच्योर डिसीजन लेने की उम्मीद नहीं की जा सकती। न ही उसे इसके नतीते पता रहे होंगे। कोर्ट ने कहा- सरकार का रवैया बेरहम चीफ जस्टिस चेल्लुर ने कहा, जिस तरह सरकार इस मामले को ले रही है, वह हमें पसंद नहीं आया। यह बहुत ही बेरहम और क्रूर रवैया है। जब तक सरकार ऐसे मामलों में अपने दिल और आत्मा से सोचना और फैसले लेना शुरू नहीं करती, कुछ भी नहीं होगा। बेंच ने कोर्ट में मौजूद बोरीवली के डिप्टी कलेक्टर से कहा, अगर आपके किसी रिश्तेदार या फैमिली मेंबर्स के साथ ऐसी घटना हुई होती तो आपको कैसा लगता? सरकार को ऐसे मामलों में दिल से सोचना चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे विक्टिम्स की मदद करे। मुआवजा विक्टिम का हक है। मनोधैर्य का मतलब है सेल्फ कॉन्फिडेंस, सरकार को विक्टिम के कॉन्फिडेंस को बढ़ावा देना चाहिए।

# सरनेम था किटी डिग्री मिली तो हो गई पतंग

**मुंबई।** ट्रांसलेशन के चक्कर में कैसे 'अर्थ का अनर्थ' हो जाता है, इसकी बानगी देखने को मिली मुंबई में। यहां एक स्टूडेंट का सरनेम 'किटे' था, लेकिन जब उसे डिग्री मिली तो उसके सरनेम को ट्रांसलेट कर 'पतंग' कर दिया गया था। मामला मीडिया में आया और यूनिवर्सिटी ने अपनी भूल सुधारते हुए नई डिग्री जारी की है। प्रिंटिंग मिस्टेक बताया मुंबई की रहने वाली निकिता किटे ने मुंबई यूनिवर्सिटी के रुइया कॉलेज से मास कम्युनिकेशन में ग्रैजुएशन किया है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद यूनिवर्सिटी से जो डिग्री मिली उसमें एक ओर इंग्लिश में उनका सरनेम (ढ्ढ़ी)सही लिखा था। लेकिन डिग्री के दूसरे हिस्से में मराठी भाषा में उनका सरनेम 'पतंग' लिखा हुआ था। आपको बता दें कि, ढ्ढ़ी का हिंदी और मराठी का अनुवाद 'पतंग' होता है। अपनी स्थापना के 160 साल पूरे होने पर मुंबई यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स के लिए नई डिग्री जारी की है। इसमें ईंग्लिश और मराठी भाषा में स्टूडेंट का नाम लिखा हुआ है। मुंबई यूनिवर्सिटी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, यह गलती सॉफ्टवेयर में खराबी और प्रिंटिंग के दौरान हुई है। आगे से सतर्कता रखी जाएगी ताकी ऐसी और गलती न हो। कॉलेज प्रशासन की इस गलती से नाराज निकिता ने कहा, 'डिग्री सर्टिफिकेट किसी भी छात्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### मुंबई में शिवसेना का...

अब जब कांग्रेस को पूर्व मुंबई अध्यक्ष संजय निरुपम ने स्पष्ट कर दिया है कि शिवसेना को कांग्रेस का समर्थन हर्गिज नहीं दिया जाएगा, ऐसे में शिवसेना के लिए भी अब कोई रास्ता नही बचता सिवाय इसके कि वह भारतीय जनता पार्टी से ही समझौता करें और बीएमसी पर काबिज होने के लिए कोई रास्ता निकाले बिल्कुल यही स्थिति भारतीय जनता पार्टी की भी है। उसके पास भी शिवसेना को ही समर्थन देने अलावा और कोई रास्ता नहीं ब्बचा है। सूत्रों के मुताबिक मुंबई को लेकर सही निर्णय लेने का अधिकार पीएम मोदी ने और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने सीएम फड़णवीस को ही दिया है। मंगलवार को सीएम की मुलाकात अमित शाह से नहीं हो सकी, लेकिन उन्होंने फोन पर देर तक चर्चा की।

### रामजस कॉलेज विवाद...

एबीवीपी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि संगठन इस मामले की आंतरिक जांच कर रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एबीवीपी ने पुलिस से मामले की पूरी जांच करके दोनों पक्षों के दोषी छात्रों पर कार्रवाई करने की मांग भी की है। दो छात्रों के इस कृत्य की हम निंदा करते हैं और कैम्पस में हिंसा मुक्त वातावरण की वकालत करते हैं। शुरआती सूचना के आधार पर इन दोनों सदस्यों को उनके अनुशासनहीन कृत्य के कारण पार्टी से निलंबित किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए अंतरिम जांच के आदेश दिये गये हैं। उत्कर्ष और राज ने दावा किया कि श्री गुर तेग बहादुर खालसा कॉलेज के समीप सात से आठ लोगों ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें बेल्टों से मारा था। यह घटना तब की है जब आइसा कार्यकर्ता एबीवीपी विरोधी मार्च समाप्त होने के बाद शाम को पांच बजकर 20 मिनट के करीब नॉर्थ कैम्पस के कला संकाय से लौट रहे थे।

### बच्चों की तस्करी में बीजेपी नेता...

पश्चिम बंगाल में पुलिस ने मासूमों की तस्करी करने वाला एक हाईप्रोफाइल रैकेट का पदार्फाश किया है। बिमला शिशु गृह में बच्चों की खरीद-फरोख्त का काम हो रहा था। सीआईडी ने गत 18 फरवरी को इस शिशु गृह की संचालिका चंदना चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। इस मामले में सीआईडी को जूही चौधरी की भी तलाश थी। पुलिस ने जूही को दार्जिलिंग में भारत-नेपाल सीमा के निकट बतासिया इलाके से मंगलवार रात गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे पूछताछ के लिए माटिगारा पुलिस थाने लाया गया। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त महानिदेशक राजेश कुमार ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच चौधरी को सिलीगुड़ी में मुख्य न्यायिक न्यायाधीश की अदालत के समक्ष पेश किया गया। चौधरी को 12 दिनों की सीआईडी की हिरासत में भेजा गया है। उन्होंने दावा किया कि नवजातों की तस्करी में उनका सीधा हाथ है। जलपाईगुड़ी जिले के इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। इससे राजनीतिक लोगों के जुड़े होने के कारण पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने एक डायरी बरामद की है, जिसमें जूही चौधरी का बाल तस्करों और सहआरोपी मानस भौमिक से संबंधों के बारे में विवरण दर्ज है, मानस को इस महीने की शुरूआत में गिरफ्तार किया गया था। डायरी के मुताबिक, चौधरी बीते दो फरवरी को मुख्य आरोपी चंदना चक्रवर्ती के साथ दिल्ली गईं और बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय से मुलकाता की। सूत्रों ने कहा कि माना जाता है कि जलपाईगुड़ी में एक एडॉप्शन सेंटर के बारे में चर्चा के लिए उन्होंने एक केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। चौधरी की गिरफ्तारी ठीक उसी दिन हुई है, जब मामले में पहले से गिरफ्तार चंदना चक्रवर्ती ने उन पर गलत काम में संलिप्तता का आरोप लगाया। फर्जी कागजातों के आधार पर कम से कम 17 बच्चों को बेचने को लेकर जलपाईगुड़ी में बिमला शिशु गृह की अध्यक्ष चक्रवर्ती को चीफ एडॉप्शन ऑफिसर सोनाली मंडल के साथ गिरफ्तार किया गया था। चक्रवर्ती ने स्वीकार किया कि जूही चौधरी बीते तीन साल से एडॉप्शन सेंटर से जुड़ी थी। अगर वहां कुछ भी गलत या अनैतिक हुआ, तो यह चौधरी के द्वारा किया गया। अपने संगठन के लिए मदद की मांग को लेकर उन्होंने चौधरी के साथ दिल्ली जाने की बात स्वीकारी और दावा किया कि इस बीजेपी नेता ने बड़े नेताओं के साथ जब बातचीत की। चक्रवर्ती ने बताया कि जूही ने उसे आश्वासन दिया था कि वह सभी मुद्दों से निपट लेगी। इस बीच, राज्य बीजेपी अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि उनकी पार्टी की कानूनी शाखा जूही चौधरी को जमानत पर छुड़ाने का प्रयास करेगी। घोष ने कहा कि पार्टी फिलहाल उन्हें निर्दोष या दोषी नहीं ठहरा रही, लेकिन कानून अपना काम करेगा। घोष ने आरोप लगाया कि बड़ी राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें फंसाया जा रहा है। बीजेपी से राज्यसभा सांसद रूपा गांगुली ने भी इसे राजनीतिक षडयंत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि जूही को जानबूझ कर फंसाया जा रहा है। कैलाश विजयवर्गीय ने भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस की जांच पर उन्हें कतई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बीजेपी को लोगों को एक के बाद एक करके फंसा रही है।

# शिवाजी पार्क स्थित सेल्फी पॉइंट बंद करने का मनसे ने लिया निर्णय

**प्रियंका जायसवाल**

**मुंबई** । दादर स्थित शिवाजी पार्क में बना सेल्फी पॉइंट आखिरकार बंद करने का निर्णय मनसे द्वारा लिया गया है । यह पॉइंट मनसे नगरसेवक संदीप देशपांडे ने शुरू किया था । किंतु मनपा चुनाव में मिली हार व सीएसआर फंड उपलब्ध न होने से इस पॉइंट को बंद कर दिया गया है ।

गौरतलब है कि दादर स्थित शिवाजी पार्क में मनसे नगरसेवक संदीप देशपांडे द्वारा वर्ष 2015 में सेल्फी पॉइंट तैयार किया गया था । जिसका बड़ी संख्या में लोग लुत्फ उठाते थे । इस सेल्फी पॉइंट की देखभाल के लिए सीएसआर फंड का इस्तेमाल किया जाता था । पॉइंट की देखभाल पर वर्ष का लगभग 10 से 12 लाख रुपये खर्च किया जाता था । किन्तु अब आर्थिक समस्या व फंड उपलब्ध न होने के चलते इस सेल्फी पॉइंट को बंद करने का निर्णय देशपांडे ने लिया है । बता दें कि दादर को मनसे का गढ़ कहा जाता था ।

महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई विधुत विभाग, सा. बां. विभाग, मुंबई.
सूचना क्रमांक : ३६ सन २०१८-१७

कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई विधुत विभाग, सा. बां. विभाग, मुंबई. ब-१ टक्केवारीदराच्या ई-प्रणालीव्दारे निवीदा मागविण्यांत येत आहेत. कोऱ्या निवीदा नमुना https://mahapwd.gov.in या संकेत स्थळावर दिनांक २७.०२.२०१७ वेळ १५.३० पर्यंत ऑन डॉऊनलोड करण्यांकरिता उपलब्ध होतील.

टीप : सदर निवीदा सुचनेमध्ये १०५ कामे प्रस्तावित करण्यात आली आहेत.

जाक्र. काअ / मर्मुविवि / निविदा / ६७६ /२०१६ दि. २३/०२/२०१७

(सही/-)
कार्यकारी अभियंता,
मध्य मुंबई विधुत विभाग,
सा. बां. विभाग, मुंबई

डी.जी.आय.पी.आर २०१६/२०१७/५२२५

# नीतीश सरकार के मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को कहा 'डकैत'

बिहार के मद्य निषेध और उत्पाद मंत्री जलील मस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'डकैत' और 'नक्सली' कहे जाने पर मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेवर कड़े कर लिए हैं। बिहार विधानसभा में भाजपा सदस्यों ने बुधवार को मंत्री की बर्खास्तगी को लेकर जमकर हंगाम किया, जिससे विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।
बिहार विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को जैसे ही प्रारंभ हुई, भाजपा सदस्यों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहने वाले मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सभी सदस्य सदन के मध्य आकर सरकार से मंत्री की बर्खास्तगी की मांग करने लगे।
विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने सदस्यों से कई बार अपने स्थान पर जाने का आग्रह किया, परंतु जब वे नहीं माने तब विधानसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।
सदन की बैठक दोबारा शुरू होने पर भी भाजपा सदस्यों का हंगामा



जारी रहा। इस दौरान विधानसभा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सदानंद सिंह ने कहा कि मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी का सभी सदस्यों को खेद है। इसके बाद भी भाजपा के सदस्य हंगामा करते रहे। इसके बाद अध्यक्ष को विधानसभा की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।
बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी मंत्री के बयान पर खेद प्रकट करते हुए कहा कि लोकतंत्र में इस तरह की हरकत नहीं होनी चाहिए। ऐसी बातें कहीं से भी सही नहीं है।
इसके पूर्व मंत्री मस्तान का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति गर्म हो गई। इस वीडियो में नीतीश सरकार के मंत्री ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर पर जूते मारने के लिए उकसाने के बाद जूते मरवाए तथा सार्वजनिक मंच से मंत्री ने प्रधानमंत्री को 'नक्सली' और 'डकैत' बताया।
नोटबंदी के विरोध में पूर्णिया में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंत्री मस्तान ने तब विवाद पैदा कर दिया था, जब उन्होंने वहां एकत्र भीड़ से नोटबंदी के फैसले का विरोध करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर पर जूते मारने को कहा। इसके बाद कुछ कार्यकर्ता बिना देर किए वहां प्रधानमंत्री की तस्वीर पर जूते मारने लगे।
22 फरवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में जूते मरवाने के बाद भी जब मंत्री का मन नहीं भरा, तब उन्होंने प्रधानमंत्री को नक्सली तक कह दिया। मस्तान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ₹वह प्रधानमंत्री (पीएम) नहीं है, वह नक्सलाइट (नक्सली) है, उग्रवादी है, डकैत है और लोगों को तरह-तरह से सताने वाला है।
इस मामले को लेकर मस्तान अब सफाई दे रहे हैं। उन्होंने बुधवार को कहा, मैंने कुछ नहीं कहा, जो किया वह वहां उपस्थित लोगों ने किया।
भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंत्री को बर्खास्त नहीं करते, सदन नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री का नहीं पूरे देश का अपमान है।
विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मस्तान पर देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए तथा उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

# 500 और 1000 के पुराने नोट बन सकते हैं आपके लिए परेशानी का कारण



सरकार ने अमान्य हो चुके पुराने 500 और 1000 के 10 से ज्यादा नोट रखने वालों को सजा देने के लिए कानून को नोटिफाई कर दिया है। कानून के तहत ऐसे लोगों पर कम से कम 10,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। संसद ने पिछले महीने देनदारी दायित्व समाप्ति कानून, 2017 पारित किया है। इस कानून को पारित करने का मकसद 500 और 1,000 रुपये के बंद किए जा चुके नोटों का इस्तेमाल करते हुये समानान्तर अर्थव्यवस्था चलाने की आशंका को सप्त करना है। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 27 फरवरी को इस कानून पर दस्तखत कर दिये। इसमें यह भी प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति जो नोटबंदी के समय 9 नवंबर से 30 दिसंबर 2016 के दौरान विदेश में था। इस बारे में यदि वह कोई गलत घोषणा करता है तो उस पर कम से कम 50,000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। ऐसे व्यक्तियों को बंद नोट जमा कराने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया गया है। इस कानून के अस्तित्व में आने के साथ ही यदि किसी व्यक्ति के पास ऐसे 10 से ज्यादा पुराने नोट पाए जाते हैं या अध्ययन अथवा शोध करने वाले के पास 25 से ज्यादा नोट पाए जाते हैं, तो उसे अपराध माना जाएगा। ऐसे लोगों पर 10,000 रुपये का जुर्माना या जितने नोट मिलते हैं उसका पांच गुना जो भी ज्यादा हो, उतना जुमार्ना लगाया जाएगा। इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद इन नोटों पर सरकार और रिजर्व बैंक का देनदारी दायित्व भी समाप्त हो गया है।

# 1 अप्रैल से गरीबों को 5 रुपए में खाना खिलाएगी MP सरकार

मध्यप्रदेश के वित्तमंत्री जयंत मलैया ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिये बजट पेश किया। इस बजट में शहरी गरीबों के लिये पांच रुपये में भोजन, विधवा महिलाओं के लिये पेंशन और प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग का लाभ देने वाले कई लोक लुभावन वादे शामिल हैं।
वित्त मंत्री ने प्रदेश विधानसभा में अपना लगातार पांचवा बजट पेश किया। उन्होंने वर्ष 2017-18 के लिये पेश किये बजट में प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2017 से सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन देने की घोषणा की है, हालांकि इन वेतनमानों को जनवरी 2016 से लागू किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के चार बड़े शहरों में दीनदयाल रसोई योजना लागू की जायेगी। योजना के तहत शहरी गरीबों को पांच रुपये में भोजन की थाली मिलेगी। इसके लिये अधोसंरचना निर्माण हेतु बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
मलैया ने कहा, प्रदेश में वर्ष 2004-05 से राजस्व आधिक्य की स्थिति है जो कि वर्ष 2017-18 में भी अनुमानित है। वर्ष 2017-18 के लिये राजकोषीय घाटे का अनुमान 25,688.97 करोड़ रुपये का है। यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 3.5 प्रतिशत अनुमानित है।
उन्होंने कहा, वर्ष 2017-18 के लिये कुल विनियोग राशि 1,85,564.27 करोड़ रुपये है और शुद्ध व्यय 1,69,954.46 करोड़ रुपये अनुमानित है। इस प्रकार वर्ष 2017-18 में 4596.40 करोड़ रुपये का राजस्व अधिक्य अनुमानित है।
प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि 150 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये की है। समाज में विधवाओं की कमजोर स्थिति देखते हुये शासन ने सेवारत और पेंशन पाने वालों को छोड़कर सभी विधवाओं को पेंशन देने का निर्णय लिया है। इसके लिये बजट में 1,501 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में इन्दौर और भोपाल हवाई अड्डों में विमान ईंधन पर वैट की दर 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। इससे इन स्थानों से हवाई यात्रा मंहगी हो जायेगी। ग्वालियर, जबलपुर और खजुराहो हवाई अड्डे पर एटीएफ की वैट दर पहले की तरह ही 4 प्रतिशत रखी गई है जबकि क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के दूसरे हवाई अड्डों पर एटीएफ पर वैट की दर 4 प्रतिशत से कम करते हुए एक प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। इससे प्रदेश के अन्य स्थानों पर हवाई सेवा को बढ़ावा मिल सकेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बजट के बाद बताया कि दीनदयाल रसोई योजना के तहत शुरू में प्रदेश के चार बड़े शहरों के गरीब लोगों को 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना को कापरेरेट सामाजिक जवाबदेही कोष से संचालित किया जायेगा। बाद में योजना का विस्तार पूरे प्रदेश में किया जायेगा।
शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिये वित्तमंत्री ने सबसे अधिक राशि का 19,872.89 करोड़ रुपये का आवंटन स्कूली शिक्षा के लिये किया है जबकि वर्ष 2016-17 में इसके लिये 18,094.04 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था।
शिक्षा के अलावा बजट में उर्जा क्षेत्र में 16,801.62 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास हेतु 14,387.50 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिये 11,489.03 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग हेतु 8576.17 करोड़ रुपये का आवंटन करने का प्रस्ताव है। संपत्ति के पंजीयन में दुरुपयोग और धोखाधड़ी की रोकथाम के लिये प्रदेश सरकार ने ई-पंजीयन हेतु आधार नंबर अनिवार्य करने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों गंगासागर, कामाख्या देवी, गिरनार जी, पटना साहिब तथा मध्यप्रदेश के तीर्थ स्थानों उज्जैन, मैहर, श्रीराम राजा मंदिर, ओरछा, चित्रकूट, ओंकारेश्वर तथा महेश्वर को भी जोड़ा जायेगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा हेतु अनुदान राशि अधिकतम 30,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रपये की गयी है।

# लव वर्सेस गैंगस्टर का पोस्टर लांच और धनंजय एवं विनायक हांडा की एक्टिंग क्लास का शुभारम्भ



"लव वर्सेस गैंगस्टर" के पोस्टर लांच के साथ ही डायरेक्टर धनंजय गलानि एवं विनायक हांडा ने उनकी इनोवेटर फिल्म एक्टिंग अकादमी का शानदार शुभारम्भ किया।
इस शानदार अवसर में बोलीवुड के कई कलाकारों ने शिरकत की जैसे सुनील पाल, नतालिया कोझेनोवा, राहुल दत्ता, राजेश देशाई, अनिल नागरथ, राकेश बेदी, फिरोज पठान, जगराज घूमन, योगिराज आदि शामिल हुए।
भारत में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया जाता है । कुछ इसी सिद्धान्त के साथ डायरेक्टर धनंजय गलानि लेकर आ रहे उनकी अगली थ्रिलर लव स्टोरी लव वर्सेस गैंगस्टर फिल्म । हर साल भारत में कई विदेशी सैलानी आते है और उनमे से कुछ यही अपना घर बसा लेते है । और हमारी संस्कृति हमें यही सिखाती है, कि हम अपने मेहमान का आदर व सत्कार भगवान की तरह करें, परंतु कई बार ऐसा होता है, कि सैलानियों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है । लव वर्सेस गैंगस्टर कहानी है एक विदेशी लड़की की जो भारत आती है, और उसका एम एम एस बना दिया जाता है फिर वह लड़की कैसे इस मुसीबत का सामना करती है और समाज के लोगों को इस प्रकार की घटना से बचने के लिये अवगत कराती है , और अपने आगे की लड़ाई लड़ती है।
स्टार कास्ट - फिल्म -लव वर्सेस गैंगस्टर; बेनर-लवीन फिम्स; प्रोड्यूसर-धनंजय गलानी एवं नतालिया कोझेनोवा; डायरेक्टर- धनञ्जय गलानी ; स्टार कास्ट- नतालिया कोझेनोवा; राहुल दत्ता; सपोर्टिंग एंड नेगेटिव स्टार कास्ट- राजेश देसाई , रमेश गोयल, विनायक हांडा , म्यूजिक डायरेक्टर- रुहिल राही , जेनर -एक्शन -रोमांस-थ्रिलर; रिलीज - अप्रैल२०१७
इनोवेटर्स फिल्म एक्टिंग अकादमी-बॉलीवुड में काम करने के बाद धनंजय और विनायक को यह एहसास हुआ कि हर छोटे से छोटा एक्टर भी कीमती है, और बॉलीवुड एक भूलभुलैया है । यहाँ कुछ लोग सक्सेस हो जाते है और कुछ नहीं , इनोवेटर्स फिल्म एक्टिंग अकादमी में स्टूडेंट्स को न केवल एक्टिंग बल्कि जीवन में आने वाली विभिन्न परीस्तिथि का कैसे सरलता से सामना किया जाय यह भी सिखाया जायगा ।
धनंजय कहते है - मैने अपने करियर में काफी उतार-चढाव देखे है पर कभी उन्हें अपने जीवन में नकारात्मक प्रभाव नहीं छोड़ने दिया । क्योकि फैलियर मेरे लिये कोई अतिनिराशा वाली बात नही है बल्कि इससे हमें कठिन परिस्तिथियों से उबरने का साहस मिलता है ,और जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिलता है । मैं हमेशा से चाहता हूं ,कि लोग मुझे देखें और कहें के आप की वजह से मेने अपना हौसला नहीं खोया, इसीलिए मै एक एक्टिंग अकादमी खोलना चाहता था जहा मै लोगों को कुछ अच्छा सिखा सकूँ और उन्हें बॉलीवुड में अपना टैलेंट दिखने का मौका दूं । विनायक हांडा कहते है, आशा ही इंसान को मजबूत बनाये रखती है विनायक ने अपने करियर की शुरूआत १८ साल की उम्र में की थी और उन्होंने उसी समय मुम्बई आने का ठान लिया ताकि वह अपने एक्टिंग के सपने को पूरा कर सके । परंतु उनके लिये बॉलीवुड में एंट्री पाना इतना आसान नहीं था इसके लिए विनायक ने अपनी एक्टिंग को तराशने के लिये एक्टिंग अकादमी ज्वाइन की फिर ऑडिशन देना प्रारम्भ किया । जब मै अपने पुराने दिन याद करता हूं , तो मै सोचा करता था की मै हर बार रिजेक्ट हो रहा हूं ,परंतु मैं हार नहीं माना । आप तब हारते हो जब आप कोशिश करना छोड़ देते हो । मेरे पिछले दिनों में मेने कई चीजें सीखी जैसे कैमरा, लाइटिंग,कैमरे एंगल्स और मुझे मेरा पहला ब्रेक संस्कार -धरोहर अपनों की जो कलर्स चैनल में प्रसारित हुआ, में एक असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पे मिला । और अब धनञ्जय जी के साथ मिलकर इनोवेटर्स फिल्म एक्टिंग इंस्टिट्यूट की शुरूआत करने जा रहा हूं ।

# गुरमेहर का समर्थन करने वाले पाकिस्तानी, देश में रहने का अधिकार नहीं: विज

गुरमेहर कौर ने भले ही कैंपेन से खुद को अलग कर लिया हो और अपने को अकेला छोड़ने की बात कही हो लेकिन उनके बयान पर माहौल अब भी गर्म है। इस बयानबाजी में अब हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भी कूद गए हैं। उन्होंने पूरे मामले में बयान देते हुए कहा है कि जो लोग गुरमेहर का समर्थन कर रहे हैं वह पाकिस्तानी हैं।
विज ने कहा कि गुरमेहर कौर अपने पिता की शहादत पर राजनीति करने की कोशिश कर रही हैं। यह निंदनीय है। पाकिस्तान प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भारत से लड़ाई लड़ता रहा है। ऐसे में एक शहीद की बेटी पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रही है, जो उचित नहीं है। विज यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि जो लोग गुरमेहर कौर का समर्थन कर रहे हैं वह पाकिस्तानी हैं। ऐसे लोगों को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है।
उधर, जींद में सांसद दुष्यंत चौटाला ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में वामपंथी और एबीवीपी के आपस के संघर्ष की शिकार हुई गुरमेहर कौर के ट्वीट का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कोई पाकिस्तानी नहीं चाहता कि हर हिन्दुस्तानी व्यक्ति मरे और न ही कोई हिन्दुस्तानी चाहता की हर पाकिस्तानी मरे
बता दें, दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की छात्रा गुरमेहर कौर ने रामजस कॉलेज के घटनाक्रम के बाद बढ़ते विवाद को देखते हुए अपनी मुहिम समाप्त कर दी है। मंगलवार सुबह सात बजे गुरमेहर ने ट्वीट कर कहा



है कि अब वह अपनी मुहिम पर विराम लगा रही है।
गुरमेहर ने ट्विटर पर लिखा- 'सबको मुबारकबाद। अब मैं अपनी मुहिम को समाप्त कर रही हूं। मेरी अपील है कि अब मुझे अकेला छोड़ दिया जाए। मैंने जो कहना था, कह दिया है। अब यह पक्का है कि हिंसा करने वाले और धमकाने वाले ऐसा करने से पहले कम से कम दो बार जरूर सोचेंगे। मेरा मकसद बस इतना ही है।' उनके इस मैसेज पर कुछ लोगों ने खिल्ली उड़ाते हुए प्रतिक्रिया दी। इस पर गुरमेहर ने फिर ट्वीट कर जवाब दिया- 'मेरे हौसले और बहादुरी पर सवाल करने वालों को मैं बता देना चाहती हूं कि मैंने अब तक जितना हो सकता था, हौसला दिखाया है। एक बीस साल की लड़की जितना जबरदस्त हौसला दिखा सकती है, मैंने दिखाया है।'

# बीजेपी का पलटवार, कहा - जब शाजिया इल्मी को जामिया में बोलने नहीं दिया गया तब कहां थे ये आंदोलनकारी

फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन या कहें अभिव्यक्ति की आजादी की मुहिम का नया चेहरा बनी दिल्ली यूनिवर्सिटी के कॉलेज एलएसआर कॉलेज की छात्रा गुरमेहर कौर के समर्थन और विरोध में रामजस कॉलेज के बाहर लेफ्ट दलों के छात्र संगठनों और जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के छात्रों के प्रदर्शन के बाद अब बीजेपी ने फाइट बैक किया है। बीजेपी नेता शाजिया इल्मी ने कुछ व्हॉट्सऐप मैसेज को शेयर किया है और दावा किया है कि किस प्रकार जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में मुस्लिम महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर जब उन्हें आमंत्रित किया गया था, और दबाव में बाद में उनका नाम हटा दिया गया। शाजिया का दावा है कि उनका नाम तक कार्ड में वक्ताओं की सूची में शामिल किया गया था। पहले तो कार्यक्रम का समय बदला गया और बाद में मेरा नाम वक्ताओं की सूची से हटा दिया गया। शाजिया ने अपने आरोपों के साथ कार्ड की तस्वीर भी साझा की है। शाजिया ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजकों को यूनिवर्सिटी में माहौल खराब



होने के बारे में चेतावनी दी गई थी। अपने इस ट्वीट के साथ ही शाजिया ने आरोप लगाया है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। शाजिया इल्मी के अनुसार 16 फरवरी को उन्हें जामिया विश्वविद्यालय में मुस्लिम महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर एक लेक्चर देने जाना था लेकिन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर की ओर से कहा गया कि शाजिया के वहां आने से माहौल खराब हो जाएगा। जानकारी दे दें कि शाजिया इल्मी जामिया विश्वविद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं। शाजिया ने कहा है कि उमर खालिद, शेहला को देश के टुकड़े करने की आजादी है लेकिन शाजिया इल्मी ने कांग्रेस का भ्रष्टाचार उजागर किया और बीजेपी का साथ दिया इसलिए उन्हें बोलने की आजादी नहीं दी गई। शाजिया का आरोप है कि वो भाजपा नेता हैं और इसी कारण उन्हें जामिया में बोलने से रोका गया। उन्होंने कहा कि जो लोग अभिव्यक्ति की आजादी के बात करते हैं अब वो मेरी अभिव्यक्ति के छीने जाने पर चुप क्यों हैं।
इसी बात को बीजेपी नेता सिद्धार्थनाथ सिंह ने अपने एक ट्वीट में कहा कि जो लोग रामजस कॉलेज की बात को लेकर हंगामा कर रहे हैं वह अब खामोश क्यों हैं।
गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में एक सेमिनार को लेकर दो छात्र संगठनों में विवाद हुआ था जिसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा ने आरोप लगाया था कि एबीवीपी के विरोध में आवाज उठाने पर उसे सोशल मीडिया पर रेप की धमकी मिल रही है।

# इस साल देशभर में पड़ेगी जला देने वाली गर्मी

अभी सर्दियां ठीक से गई भी नहीं हैं लेकिन गर्मियों ने दस्तक दे दी है। फरवरी माह में ही लोगों को गर्मी का अहसास हो गया है। अभी तो गर्मियों की सिर्फ शुरूआत है लेकिन मौसम विभाग ने दी है एक बुरी खबर। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल गर्मी का मौसम कुछ अधिक गर्म रहने वाला है। मौसम के जानकारों ने आने वाले दिनों में पूरे देश में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान लगाया है और हालत यह है कि जनवरी का महीना पिछले 116 सालों में सबसे अधिक गर्म रहा। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने सीजन मार्च से मई के लिए जारी अपने ग्रीष्मानुमान में कहा है कि कई राज्यों में गर्मी की शिद्दत बहुत ज्यादा रहने वाली है। विभाग ने कहा कि देश का पश्चिमोत्तर हिस्सा सबसे अधिक प्रभावित रहेगा जहां तापमान सामान्य से एक डिग्री से भी ज्यादा रहेगा। देश के बाकी हिस्से में तापमान सामान्य से उपर रहेगा।
आईएडी ने कहा कि सामान्य तापमान से एक डिग्री ज्यादा तक तापमान देश के सभी मौसम संबंधी उपसंभागों में बने रहने की संभावना है। पश्चिमोत्तर भारत अपवाद है जहां तापमान सामान्य से एक डिग्री से भी ज्यादा रह सकता है। गर्मी के प्रकोप वाले वाले मुख्य क्षेत्रों में सामान्य से अधिक प्रतिकूल स्थितियां रहने की संभावना है।
सामान्य से अधिक तामपान वाले क्षेत्र में पंजाब, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना शामिल हैं। लू वाले मूल क्षेत्र में मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र, महराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र और आंध्रप्रदेश आते हैं। वर्ष 2016 सन 1901 के बाद सबसे गर्म साल रिकार्ड किया गया। पिछले साल राजस्थान के फालौदी में पारा 51 डिग्री तक चला गया था जो देश में अबतक का सबसे अधिक तापमान है। पिछले साल प्रतिकूल मौसम के चलते 1600 से अधिक लोगों की जान गयी। इनमें 700 लोगों ने लू के चलते अपनी जान गंवायी।

# सट्टा बाजार में बीजेपी की जीत पर लग रहा दांव

यूपी विधानसभा चुनाव में पांच चरणों के लिए वोटिंग हो चुकी है। सट्टा बाजार में लग रहे दांवों के बीच बीजेपी अपने विरोधियों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। सट्टेबाजों का दावा है कि महाराष्ट्र म्युनिसिपल के चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद सट्टाबाजार में बीजेपी के बहुमत के नजदीक आने पर दांव लग रहा है। सट्टेबाजों के मुताबिक पांच चरणों के लिए वोटिंग के बाद सट्टा बाजारों में बीजेपी के 180 सीटें जीतने पर दांव लगाया जा रहा है। इससे पहले सट्टाबाजारों में त्रिशंकू विधानसभा का अनुमान जताया गया था। दिल्ली के एक प्रमुख सट्टेबाज ने बताया कि लोग बीजेपी के पक्ष में नजर आ रही लहर के खिलाफ पैसा लगाने से बच रहे हैं।
बीजेपी ने हाल में महाराष्ट्र की 10 म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में से 8 में जीत दर्ज की है। इसके अलावा बीजेपी ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के निकाय चुनावों में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। सट्टेबाज ने बताया कि महाराष्ट्र चुनावों में यह दिखा कि नोटबंदी का असर मोदी की इमेज पर नहीं पड़ा है। उसके मुताबिक हालिया चुनावों में बीजेपी के अच्छे प्रदर्शन के कारण लोग उसकी जीत पर पैसे लगा रहे हैं। फिलहाल यूपी में 403 विधानसभा सीटों में बीजेपी के 180 सीट जीतने पर 1:1 का भाव चल रहा है। इसके मुताबिक अगर बीजेपी 180 सीट जीतने में कामयाब रही तो उसकी जीत पर दांव लगाने वाले को दोगुना फायदा होगा। सट्टाबाजार यह मानने को तैयार नहीं है कि समाजवादी पार्टी 150 से अधिक सीटें जीत पाएगी। एसपी के 150 सीटें जीतने पर 2.5:1 का भाव चल रहा है। वहीं एसपी की 160 सीटों पर जीत के लिए 4:1 का भाव चल रहा है। यूपी विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद ऐसी स्थिति नहीं थी। चुनाव शुरू होने से पहले सट्टाबाजार का आकलन किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं दे रहा था।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# DRDO ने व्हीलर द्वीप से इंटरसेप्टर मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

इससे पहले भी डीआरडीओ इस तरह के परीक्षण को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। इंटरसेप्टर मिसाइल दरअसल एक ऐसी प्रणाली है जिसके माध्यम से अपनी ओर आ रही बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में नष्ट किया जा सकता है। इसी तरह का एक टेस्ट पिछले माह भी किया गया था। उस वक्त पीडीवी इंटरसेप्टर और दो स्टेज वाली टार्गेट मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था।




## पहले भी हो चुका है टेस्ट

पिछले वर्ष भी पूरी तरह से मल्टीलेवल बैलेस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम हासिल करने के प्रयास के तहत भारत ने स्वदेशी सुपरसोनिक इंटरसेप्टर मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। उस वक्त इसी तरह के परीक्षण में इंटरसेप्टर के लिए पृथ्वी मिसाइल के नेवल एडिशन को टार्गेट के तौर पर स्थापित किया गया था। इस लक्ष्य को बंगाल की खाड़ी में खड़े पोत से छोड़ा गया था। इंटरसेप्टर एडवांस्ड एयर डिफेंस (एडी) मिसाइल ने लक्ष्य वाली मिसाइल को काफी उंचाई पर ही नष्ट कर दिया था।

## क्या है इंटरसेप्टर

इंटरसेप्टर 7.5 मीटर लंबा मजबूत रॉकेट है जो नौवहन प्रणाली, हाईटेक कंप्यूटर और इलेक्ट्रो-मैनिकल एक्टिवेटर की मदद से गाइडेड मिसाइल से संचालित होता है। एक स्वचालित अभियान के तहत रडार आधारित प्रणाली ने शत्रु की बैलिस्टिक मिसाइल की पहचान की जाती है। इसके बाद रडार से मिले आंकड़ों की मदद से कंप्यूटर नेटवर्क आ रही बैलिस्टिक मिसाइल का रास्ता पता लगाता है। कंप्यूटर सिस्टम से जरूरी निर्देश मिलते ही इंटरसेप्टर को टार्गेट भेदने के लिए छोड़ दिया जाता है।

## तीन तलाक पर नहीं बोलने दिया गयाः शाजिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की नेता शाजिया इल्मी ने दावा किया है कि उन्हें जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में एक सेमिनार के दौरान तीन तलाक के मुद्दे पर बोलने की अनुमति नहीं दी गई। शाजिया इल्मी के अनुसार 16 फरवरी को उन्हें जामिया विश्वविद्यालय में तीन तलाक पर एक लेक्चर देने जाना था लेकिन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर की ओर से कहा गया कि शाजिया के वहां आने से माहौल खराब हो जाएगा। आपको बता दें कि शाजिया पूर्व में जामिया विश्वविद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजक मुझे बुलाना चाहते थे लेकिन दबाव की वजह से मुझे नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा कि उमर खालिद, शेहला को देश के टुकड़े करने की आजादी है लेकिन शाजिया इल्मी ने कांग्रेस का भ्रष्टाचार उजागर किया और बीजेपी का साथ दिया।

### दस सालों में भारत हुआ स्वस्थ

## सेक्स अनुपात हुआ बेहतर:सर्वे

नई दिल्ली। भारतीय स्वास्थ्य संकेतक बताता है कि पिछले दशक में शिशु मृत्यु दर में भारी गिरावट आई है। इससे सेक्स अनुपात बेहतर हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के चौथे चरण के सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में जनसंख्या दर में भी सकारात्मक बदलाव दिख रहा है। स्वास्थ्य सचिव सी के मिश्रा ने कहा, 'परिणाम बताते हैं कि अगर हम निवेश और स्वास्थ्य में अच्छा प्रोग्राम डिजाइन करें तो उसका पालन जरूर होगा।' हरियाणा में जन्म के समय लिंग अनुपात में एक सराहनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। यहां लड़कों के मुकाबले लड़कियों की संख्या काफी कम रही है। साल 2005-06 में हरियाणा में 1000 लड़कों पर 762 लड़कियों ने जन्म लिया। वहीं रिपोर्ट के अनुसार साल 2014-15 में ये अनुपात बढ़कर 1000 लड़कों पर 836 लड़कियों ने जन्म लिया। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात में मामूली सुधार हुआ है।

### अब आतंकियों की खैर नहीं

## पलक झपकते मार गिराएंगे भारतीय सेना के कमांडो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा द्वारा बीते कुछ समय में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए सफलतापूर्वक दो सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया गया। सबसे पहले सेना द्वारा जून 2015 में सेना ने म्यांमार घुसकर उग्रवादियों के ठिकानों को तबाह किया गया। अब भारतीय सेना ने विशेष बलों को और ज्यादा सशक्त बनाने के लिए कमर कस ली है। इसके लंबित पड़ी सेना के आधुनिकीकरण से जुड़ी खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने असाल्ट राइफल्स, स्नाइपर राइफल्स, सामान्य मशीन गन्स, हल्के रॉकेट लॉन्चर्स, शॉटगन्स, पिस्टल्स, नाइट विजन



डिवाइस और गोला बारूद जैसे सैन्य हथियारों की खरीद-फरोख्त के उद्देश्य से इनसे संबंधित कंपनियों का चुनाव करने के लिए सात टेंडर्स निकाले हैं। बीते सप्ताह अमेरिका, इजरायल, स्वीडन समेत कई देशों की कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। खरीद प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, एक अलग परियोजना के तहत, 120 लाइट स्ट्राइक व्हीकल्स की खरीददारी के लिए ट्रायल चल रहे हैं। इन व्हीकल्स को स्पेशल फोर्सेज के लिए हेलिकॉप्टरों के जरिए ले जाया जा सकेगा।' इससे पहले भारत सरकार ने कई आपातकालीन सौदों के तहत थल सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए करीब 20 हजार करोड़ रुपये के गोला बारूद और अन्य कलपुर्जों की खरीद को मंजूरी दी है। यह कदम सेनाओं को यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया कि कि वो जंग की स्थिति में तुरंत तैयार रहें और कम से कम 10 दिन तक बड़े पैमाने पर ऑपरेशंस चलाने के लिए तैयार रहें। सेना में बेहद प्रशिक्षित स्पेशल कमांडो हैं। इनमें केवल 9 पैरा स्पेशल फोर्सेज और 5 पैरा एयरबोर्न बटालियन ही शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबर

### पुलिस के शिकंजे में नकली नोटों के 4 कारोबारी

**लखनऊ।** सीतापुर और आगरा पुलिस ने आज नकली नोटों के धंधे से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें से आगरा पुलिस ने दिल्ली की युवती को उसके पुरुष मित्र के साथ पकड़ा गया। वह एनसीआर और देश के बड़े शहरों में नकली नोटों की सप्लाई का काम कर रही थी। यह नकली नोटों के बड़े सौदागर गिरोह से जुडी है। इसके अलावा सीतापुर पुलिस टीम ने नकली नोट बनाने में लगे लखीमपुर और सीतापुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। आगरा पुलिस ने आज सौ रुपये के नकली नोटों की खेप कानपुर ले जाते समय आगरा पुलिस ने एक युगल को वोल्वो बस से गिरफ्तार कर लिया।

### दो अप्रैल को इलाहाबाद जाएंगे पीएम

**इलाहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अप्रैल को इलाहाबाद आने वाले हैं। वह हाईकोर्ट की 150वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। समापन समारोह में देश भर से बड़ी संख्या में वीवीआइपी मेहमान आएंगे जिसमें उप्र के राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत अनेक राज्यों के मुख्य न्यायाधीश भी रहेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और सफाई के लिए अभी से अफसरों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। मंडलायुक्त राजन शुक्ला ने मंगलवार को इसी मुद्दे पर बैठक बुलाई जिसकी अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को होने वाले समापन समारोह कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का आगमन प्रस्तावित है।

### भड़के शत्रुघ्न सिन्हा, चेतन भगत से कहा- 'आप 'सरकारी और दरबारी' लगे

**पटना।** बीजेपी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने ट्वीट कर मंगलवार को मशहूर उपन्यासकार चेतन भगत पर निशाना साधा। उन्होंने नसीहत दी कि बुद्धिजीवी दोस्त चेतन के छद्म बुद्धिजीवी कमेंट से निराशा हुई है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि चेतन न्यूज चैनल पर सरकारी और दरबारी की तरह स्टेटमेंट देते हुए दिखे। एक इंटरव्यू के मुताबिक उन्होंने कहा कि वहां चेतन यह कहते दिखे कि राहुल गांधी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं और उन्हें आडवाणी की तरह रिप्लेस कर देना चाहिए। शत्रुघ्न ने कहा, क्या आडवाणी को इसलिए हटाया गया क्योंकि उन्होंने काम नहीं किया? या कुछ लोगों के डर और असुरक्षा या हितों के चलते उन्हें सीन से हटना दिया गया। क्या सभी इस बात को जानते हैं? उन्होंने आगे लिखा, मैं आडवाणी का वफादार हूं और पार्टी में जो कुछ भी हूं उनकी वजह से ही हूं। दो सीटों की पार्टी आज जहां पर भी है उसमें अधिकतर योगदान आडवाणी के नेतृत्व का ही है। उन्होंने चेतन को नसीहत दी कि आप छद्म बुद्धिजीवी न बनिए। आप आडवाणी के करोड़ों समर्थकों को चोट नहीं पहुंचाए।

### बार गर्ल का अश्लील डांस वायरल

**किशनगंज।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू है और इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। ताजा घटना किशनगंज की है, जहां शराब की बोतल के साथ डांसर को डांस करना महंगा पड़ गया। शराब की बोतल के साथ डांस करने वाली तीन लेडी डांसर समेत पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना किशनगंज जिले की है जहां आजकल खगड़ा मेला चल रहा है, इस मेले में लगे थियेटर में शराबबंदी कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। थियेटर की महिला डांसर सरेआम अश्लील डांस के साथ-साथ शराब को भी प्रमोट कर रही थी।

### सेविकाओं ने कैदी वैन को रोका, हंगामा

**मुजफ्फरपुर।** मानदेय भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मंगलवार को आंदोलन के नाम पर जमकर मनमानी की। प्रदर्शन के नाम पर करीब चार घंटे सरैयागंज टावर जाम रखा। उस रास्ते से जो भी गुजरने की कोशिश करता, उससे भिड़ गई। कुछ बाइक सवार से मारपीट की। पेशी के लिए कैदियों को ले जा रहे वैन को घेर लिया। वैन के आगे खड़ी हो गई। उसे आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे चालक से उलझ गई। सेविकाएं उसे मारने पर उतारू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैन को सेविकाओं से मुक्त कराया। चालक वैन पीछे कर तेजी से निकल गया। वैन में करीब एक घंटे तक बंदी बंधक रहे। आंदोलन के चलते सरैयागंज, गोला रोड, कंपनीबाग, जूरन छपरा, सूतापट्टी, सिकंदरपुर और अखाड़ाघाट समेत कई मार्गों पर वाहनों का परिचालन घंटों ठप रहा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

विविधा

मुंबई, गुरुवार
2 मार्च, 2017



# शादी के 70 साल बाद हुआ इस कपल का वैडिंग फोटोशूट

प्यार कभी उम्र का मोहताज नही होता। यह मीठा एहसास आपको किसी भी उम्र में हो सकता है। हम जिस रिश्ते के बारे में बात कर रहे हैं वो प्यारा सा रिश्ता है पति-पत्नी का। आज हम एक ऐसे ही प्यारे से कपल के बारे में बता रहे हैं जिन्होंने हाल ही में अपनी शादी की 70वीं सालगिरह मनायी है। ये खूबसूरत उम्रदराज जोड़ा है फैरिस और मारग्रेट का। इस रोमांटिक जोड़ी ने शादी की 70वीं सालगिरह के अवसर पर एक फोटोशूट करवाया है। 90 वर्षीय इस जोड़े का जीवन काफी दिलचस्प रहा। दोनों ने एक साथ पढ़ाई पूरी कि और रिलेशनशिप में रहे इसके बाद 1946 में दोनों ने शादी कर ली लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इनके पास इनकी शादी की एक भी तस्वीर याद के तौर पर नहीं थी। दरअसल उस समय शादी में शामिल होने वाले मेहमानों में से किसी के पास कोई कैमरा नहीं था।

अपने जीवन की इस कमी को पूरा करने के लिए इस जोड़े ने अपनी शादी की 70वीं सालगिराह के अवसर पर मशहूर फोटोग्राफर लारा कार्टर से फोटो शूट करवाया। फोटो शूट देखकर ऐसा लगता है जैसे इस कपल ने पोस्ट नहीं बल्कि प्री वैडिंग फोटोशूट करवाया है। इनका ये बेमिसाल फोटोशूट इंटरनेट पर भी काफी पसंद किया जा रहा है।



# आखिर क्यों यहां आत्महत्या करने से पहले कब्र में सोती हैं महिलाएं

अक्सर अपने जीवन से निराश होकर इंसान के मन में आत्महत्या करने का विचार आ जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जापान में एक जगह ऐसी भी है जहां आत्महत्या करने से पहले ही क्लास ली जाती है। जी हां, जापान में बना ये ग्रेव क्लासरूम आत्महत्या की इच्छुक महिलाओं की क्लास लेता है। आइये आपको बताते हैं कि आखिर ऐसा क्यों किया जाता है।

ये ग्रेव क्लासरूम खुले मैदान में बनाया गया है। जो महिलाएं आत्महत्या करने की इच्छुक होती हैं वो यहां आती हैं उन्हें मौत के दर्शन करवाये जाते हैं। यह ग्रेवयार्ड क्लासरूम 30 साल के लियू तेजी के द्वारा चलाया गया था। दरअसल, लियू के पति ने 3 साल पहले उन्हें छोड़ दिया था तो उन्होंने आत्महत्या करने के बारे में सोचा लेकिन बाद में उन्हें अहसास हुआ कि उनके जैसे रोज कई महिलाएं जब अपने जीवन से परेशान हो जाती होंगी तो उनके मन में भी आत्महत्या का विचार आता होगा।



उनके मन में विचार आया कि ऐसी महिलाओं के लिए क्यों न एक ग्रेव क्लासरूम बनाया जाये। इस क्लास में महिलाओं को कहा जाता है कि वह खुद को बिना दुनिया के सोचें। यहां पर महिलाओं को मिट्टी से पूरी तरह से ढक दिया जाता है और फिर उन्हें मौत का अनुभव करवाया जाता है। महिलाएं इस बारे में सोचकर ही डर जाती है। ऐसे में वे जिंदगी जीने में सफलता हासिल कर लेती हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

### मेष
यात्रा से लाभ तथा पुराना धन वापस आ सकता है। कार्यसिद्धि होगी। अस्वस्थता रहेगी। व्यापार निवेश से लाभ होगा। अपने ही मानसिक कष्ट देंगे।

### सिंह
जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा तथा व्यापार-व्यवसाय, नौकरी-निवेश में लाभदायक स्थिति बनेगी। शत्रु षड्यंत्र करेंगे।

### धनु
पराक्रम से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। व्यापार निवेश व नौकरी में लाभ होगा। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलेगी। संपति के कार्य लाभ देंगे।

### वृष
प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय होंगे। नई योजना से लाभ होगा, शत्रु परास्त होंगे। व्यापार निवेश लाभकारी होंगे।

### कन्या
अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। नेत्र संबंधी रोग हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय व निवेश से लाभ होगा।

### मकर
जीवनसाथी से सुख मिलेगा। राज्य से हानि हो सकती है। दूर से शुभ समाचार मिलेंगे। दुर्घटनादि से बचना होगा। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

### मिथुन
शारीरिक शिथिलता रहेगी। कार्य की चिंता बढ़ेगी। विवाद से दूर रहें। सरकारी कार्य बनेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। आशंका-कुशंका बनी रहेगी

### तुला
शारीरिक व्याधि हो सकती है। दुर्घटनादि से हानि की आशंका है। बौद्धिक कार्य करने वालों को लाभ होगा। पार्टी-दावत का सुख उठाएंगे।

### कुंभ
यात्रा लाभकारी होगी। व्यापार-निवेश लाभकारी होगा। इंटरव्यू आदि में सफलता के योग हैं। पराक्रम वृद्धि होगी। लाभ होगा।

### कर्क
मातृपक्ष की चिंता बढ़ेगी। शत्रु हावी होंगे। वाहन-मशीनरी के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। व्यापार-निवेश में समय अनुकूल नहीं है।

### वृश्चिक
पुराना रोग उभर सकता है। दुर्घटनादि से हानि की आशंका है। व्यापार निवेश में जोखिम न उठाएं। शत्रु शांत रहेंगे किंतु षड्यंत्र रचेंगे, सावधान रहें।

### मीन
शत्रु के वार पर वार होंगे। जोखिमभरे हर कार्य टाल दें। व्यय बढ़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। वाहनादि प्रयोग सावधानी से करें।

## मुंबई हलचल सुडोकू-88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | | 9 | 2 | | | | 6 |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 8 | |
| | | | | | | | 5 | 2 |
| | 3 | | 7 | 4 | | | | |
| 9 | | 2 | | 3 | 5 | | 4 | 1 |
| 5 | | | | | | | 9 | 3 |
| | 7 | | | 6 | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | 2 | |
| 6 | | | | | | | 3 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक्क आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3*3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रहे।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### मुंबई हलचल सुडोकू-87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 3 | 1 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 | 8 |

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# त्वचा पर बनी गांठ का ऐसे करें उपचार

गांठ जिसे दूसरे शब्दों में रसौली कहा जाता है। यह शुरू में तो छोटे आकार की होती हैं लेकिन बाद में धीरे-धीरे करके बड़ी हो जाती है, जो आगे जाकर गंभीर बीमारी का कारण बनती हैं। फिर जब आप डॉक्टर के पास जाते हैं तो डॉक्टर आपको ऑपरेशन की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है इस समस्या का इलाज बिना ऑपरेशन के भी किया जा सकता हैं। जी हां, बिल्कुल आज हम आपको कुछ ऐसे दो आयुर्वेदिक उपचार बताएंगे, जिसे अपनाकर इस समस्या से निजात पाया जा सकता है।

**पहला उपचार**
- 30 ग्राम कचनार की ताजा सूखी छाल
- 1 गिलास पानी
- 1 चम्मच गोरखमुंडी (पिसी हुई)

सबसे पहले कचनार को मोटा-मोटा कूट लें। अब कुटी हुई कचनार को पानी में 2 मिनट तक के लिए उबाल लें। जब यह अच्छे से उबल जाए तब इसमें गोरखमुंडी मिला दें और फिर 1 मिनट के लिए उबालें। अब इस पानी को छान लें और दिन में दो बार इस पानी का सेवन करें। ऐसा 25 दिन तक नियमित रूप से करते रहे।

**दूसरा उपचार**
- आकडे का दूध
- मिट्टी

गांठ को ठीक करने के लिए यह उपचार भी काफी कारगार है। आकडे के दूध में मिटटी मिला लें फिर इस दूध का लेप जिस स्थान पर गांठ हुई हैं, वहाँ पर लगाएं। आपको काफी आराम मिलेगा।

# महिलाएं ही क्यों होती हैं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा बीमार?



**एक** तरफ जहां इलाज के बेहतरीन तरीके आ गए हैं। वहीं नई-नई बीमारियां भी सुनने को मिल रही हैं। इसका मुख्य कारण बदलता हुआ लाइफस्टाइल है लेकिन पुरुषों की जगह औरतों में ये ज्यादा देखने को मिलती है। ऑनलाइन दवाइयों की दुकान 'केयर ऑन गो' ने एक सर्वे किया कि पिछले कुछ समय से बैंगलुरू, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में कुछ खास बीमारियों से संबंधित दवाइयों को ऑनलाइन काफी मात्रा में खरीदा गया। उन सर्वों का नतीजा कुछ इस तरह है।

➢पुरूषों के मुकाबले में महिलाओं को जीवनशैली से संबंधित बीमारियों का ज्यादा सामना करना पड़ता है। 40 प्रतिशत दवाइयां इन्हीं बीमारियों के लिए ऑर्डर की जाती हैं।

➢ बड़े शहरों में रहने वाली 18 से 35 वर्ष की औरतों में हाइपरटेंशन, जोड़ों का दर्द, मोटापा, डायबिटीज, थायराइड और कमर दर्द जैसी कई समस्याएं देखने को मिलती हैं।

➢ सबसे अधिक दवाईयां हाइपरटेंशन और आर्थराइटिस के लिए मंगवाई गई। पुरुष और महिला दोनों ही इन बीमारियों से पीड़ित पाए गए।

➢ इसके अलावा महिलाओं में कॉलस्ट्रोल और डायबीटीज की समस्या भी ज्यादा देखने को मिली।

इन सब नतीजों को देखने के बाद यही सामने आया कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा बीमारियों को शिकार होती हैं। आइए जानिए इसकी वजह-

1. हमारे देश की अधिकतर औरतें घर में ही रहकर अपना काम करती हैं। जिस कारण वह घर से बाहर बहुत कम जाती है। इस वजह से वे धूप में बहुत कम निकलती हैं और धूप से मिलने वाला विटामिन-डी उनके शरीर को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता। इसकी कमी से महिलाओं में आर्थराइटिस यानी जोड़ों, हड्डियों, कमर दर्द और डायबिटीज की समस्या आ जाती है।

2. वैसे भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की मांसपेशिया और हड्डिया मजबूत नहीं होती। ऊपर से बच्चे के जन्म के बाद उनकी हड्डिया और भी कमजोर हो जाती है। इस वजह से भी औरतों को पुरुषों से ज्यादा बीमारियां होती हैं।

3. नींद कम लेना और अधिक तनाव से भी कई प्रॉब्लम्स हो जाती है। घर के कामों और बच्चों की देखभाल में महिलाएं इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपनी सेहत का पूरा ध्यान ही नहीं रख पाती।

4. समय न मिलने की वजह से वे कभी व्यायाम नहीं करती जिस वजह से उन्हें मोटापे की समस्या झेलनी पड़ती है। मोटापे के कारण भी महिलाओं को कई बीमारियां हो जाती है।

# पति की इन हरकतों पर महिलाओं को आता है गुस्सा

शादी एक ऐसा बंधन है जिसमें दो लोगों का आपसी मिलन होता है। शादी के बाद हर पति चाहता है कि वे अपनी पत्नी के लिए एक परफैक्ट हसबैंड बने। लेकिन जाने-अनजाने में वे कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिससे कि वे अपनी पत्नी के सामने अपनी बैड इमैज बना लेते हैं। जानिए कौन-सी हैं वे बाते...



**1. बातें शेयर ना करना**

कई पति ऐसे होते हैं जो अपनी कुछ बाते पत्नियों के साथ शेयर करना पसंद नहीं करते। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आप यहां गलत है। अपनी हर छोटी-मोटी बात अपनी पत्नी के साथ जरूर शेयर करें।

**2. ताने देना**

कुछ पतियों की आदत होती है कि वो अपनी पत्नी को बात-बात पर ताने देने लगते हैं। आपके ऐसा करने पर आपकी पत्नियों को बुरा लग सकता है।

3. बिना बताएं दोस्तों को घर ले आना

पतियों की यह आदत महिलाओं को तो बहुत बुरी लगती हैं कि वो बिना बताए अपने दोस्तों को डिनर पर घर ले आते हैं। आगे से आप जब भी ऐसा करें तो दोस्तों को घर लाने से पहले उन्हें पहले से ही फोन करके बता दें।

**4. हुक्म देना**

क्या आप भी बिस्तर पर बैठे-बैठे अपनी पत्नी को हमेशा हुक्म देते रहते हैं? अगर आप ऐसा करते हैं तो हम आपको बता दें कि आप पत्नी की नजर में अपनी इज्जत खोते जा रहे हैं।

# ब्लड प्रैशर के मरीज हैं तो डाइट में शामिल करें ये चीजें

बीपी यानि ब्लड प्रैशर, यह समस्या आजकल आम सुनने को मिलती है। कोई हाई ब्लड प्रैशर से परेशान तो कोई लो ब्लड प्रैशर से परेशान हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए कई लोग दवाइयां का भी सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं बिना दवाई के भी इस समस्या से राहत पाई जा सकती हैं। जी हां, बिल्कुल आज हम आपको कुछ ऐसी चीजें बताएंगे जिनका सेवन करने से आप बीपी. की समस्या से निजात पा सकते हैं।

**- हाई ब्लड प्रैशर**

1. अनार

अगर नियमित रूप से दो हफ्तों तक अनार का सेवन किया जाए तो हाई ब्लड प्रैशर को कंट्रोल में रखा जा सकता है।

2. सलाद खाएं

अपनी डाइट में सबसे ज्यादा सलाद शामिल करें। ज्यादा सलाद खाने से नमक खाने की इच्छा कम होती है। ऐसे में आप हाई बीपी को कंट्रोल में रख सकते हैं।

3. मैथी दाना

मैथी दाना भी ब्लड प्रैशर को कम करने में काफी सहायक है। इसके लिए आप 3 ग्राम मैथी दाना पाऊडर को आधे गिलास पानी में मिलाएं और रोज सुबह-शाम इस पानी का सेवन करें।

**लो ब्लड प्रैशर**

- बादाम

रात को 5-6 बादाम पानी में भिगों कर रख दें। सुबह छिलकर इसे15 ग्राम मक्खन और मिश्री के साथ मिलाकर खाएं। इसे खाने से लो ब्लड प्रैशर की समस्या से राहत पाई जा सकती हैं।

- चुकंदर

रोजाना चुकंदर का जूस सुबह-शाम पीए। इसे पीने से एक हफ्ते में ब्लड प्रैशर में सुधार होना शुरू हो जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की वजह पुणे का खराब विकेट नहीं




**बेंगलुरू,** टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज मुरली विजय पुणे के विकेट को खराब करार देने वाले आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड के राय से सहमत नहीं हैं और उन्होंने कहा कि वहां की पिच को चुनौतीपूर्ण कहा जा सकता है। इस टर्न लेने वाले विकेट पर भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाये और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का यह पहला टेस्ट मैच 333 रन के विशाल अंतर से जीता। विजय ने शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पूर्व संवाददाताओं से कहा, पुणे का विकेट खराब नहीं था। यह पहली गेंद से ही चुनौतीपूर्ण विकेट था। एक क्रिकेटर होने के नाते हमें सपाट विकेट पर खेलने के बजाय कभी इस तरह के विकेट पर भी खेलना चाहिए। असल में ऐसे विकेट पर खेलना अच्छा रहता है जिसमें आपके जज्बे और तकनीक की परख हो।

पुणे टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर समाप्त हो गया और ब्रॉड ने पिच को नकारात्मक रिपोर्ट दी। अब दूसरे टेस्ट मैच से पूर्व पिच सबसे अधिक चर्चा का विषय बन गयी है। विजय को उम्मीद है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम का विकेट अच्छा होगा लेकिन निजी तौर पर वह इसको लेकर परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं खुले दिमाग के साथ क्रीज पर उतरता हूं और पिच की स्थिति के अनुसार खुद को ढालने की कोशिश करता हूं। पुणे में भारतीय टीम ने आसानी से घुटने टेके। इस बारे में विजय ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पहली पारी के खराब प्रदर्शन के कारण काफी रन से पिछड़ने से टीम को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, यह मेरी निजी राय है कि गेंदबाजों ने (ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 260 रन पर रोककर) अच्छा प्रदर्शन किया। पहली पारी में काफी रनों से पिछड़ने के बाद वापसी करना मुश्किल था। हमने अच्छा खेल नहीं दिखाया। भारत को विशेषकर स्टीवन स्मिथ के कैच टपकाने और निर्णय समीक्षा प्रणाली का सही उपयोग नहीं कर पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। विजय ने कहा, निश्चित तौर पर यह (डीआरएस का उपयोग) हमारे अनुकूल नहीं रहा। मुझे लगता है कि हमें उन 15 सेकेंड का बेहतर उपयोग करना चाहिए। टीम ने पुणे की हार पर लंबी चर्चा की और अब वह अगले टेस्ट मैच में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। विजय ने कहा, हमने इस पर चर्चा की और हम कुछ क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं जिनमें हम पिछले टेस्ट मैच में बेहतर कर सकते थे। हम नये सिरे से शुरूआत करने और सभी मौकों का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। विजय ने वर्तमान स्थिति की तुलना 2015 के श्रीलंका दौरे से की जहां भारत पहला टेस्ट हार गया था लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी की। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर इस में समानता है। हम केवल अपने खेल के बारे में सोच रहे हैं और दूसरे टेस्ट मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरना चाहते हैं। पुणे में एक टीम के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमें इसे स्वीकार करके आगे बढ़ना होगा। विजय के लिये यह मैच अच्छा नहीं रहा और वह दो और दस रन ही बना पाये। उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी तकनीक में किसी तरह का बदलाव करेंगे, उन्होंने कहा, मैं तकनीक के बारे में ज्यादा नहीं सोच सकता। एक टीम के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और हमें आगे इससे बचना होगा।

## शारापोवा को वाइल्ड कार्ड से नाराज हुए मरे




**ब्रिटेन,** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ब्रिटेन के एंडी मरे ने डोपिंग आरोपी रूस की मारिया शारापोवा को आगामी मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शारापोवा को डोपिंग के आरोप में निलंबित किया गया था और वह 15 महीने की सजा के बाद फिर से टेनिस में वापसी करने जा रही हैं जिसके लिए मैड्रिड ओपन तथा रोम मास्टर्स के आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड दिया है। 29 वर्षीय मरे ने कहा कि आयोजकों को बड़े खिलाड़ियों के लिए नियमों में बदलाव नहीं करने चाहिये।

पूर्व नंबर एक और स्टार टेनिस खिलाड़ी शारापोवा को आस्ट्रेलियन ओपन 2016 में मेलडोनियम नामक प्रतिबंधित दवा के सेवन का दोषी पाया गया था। रूसी खिलाड़ी ने बाद में खुद ही इस बात को स्वीकार भी किया था लेकिन साथ ही कहा था कि उन्होंने गलती से इस दवा का सेवन किया था।

## जीतू को विश्व कप में गोल्ड, अमनप्रीत ने जीता सिल्वर

**नई दिल्ली,** जीतू राय ने फिर बेहतरीन वापसी का नजारा पेश करते हुए बुधवार को आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता जबकि एक अन्य भारतीय अमनप्रीत सिंह सिल्वर मेडल हासिल करने में सफल रहे। राय ने इससे पहले दस मीटर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था और उन्होंने यहां फाइनल में अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल करके सोने का तमगा हासिल किया।

सेना के इस जवान ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर 230.1 का स्कोर बनाया जो वर्ल्ड रेकॉर्ड है।




दूसरी तरफ फाइनल में अधिकतर समय बढ़त पर रहने वाले अमनप्रीत को 226.9 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। ईरान के वाहिद गोलखानदन ने 208.0 का स्कोर बनाकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

फाइनल में पहली दो सीरीज के बाद 29 वर्षीय जीतू 93.8 अंक के साथ आठ निशानेबाजों के बीच छठे स्थान पर चल रहे थे। उस समय अमनप्रीत 98.9 का स्कोर बनाकर सबसे आगे थे। पंजाब के इस निशानेबाज ने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपनी बढ़त मजबूत कर दी लेकिन राय ने भी शानदार वापसी की।

## रोमांचक मैच जीत फाइनल में पहुंची टीम, फिर 7 प्लेयर्स ने दिया ऐसा झटका

रोमांचक मैच जीतकर पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल में पहुंचते ही क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम को जबरदस्त झटका लगा। टीम के करीब 7 खिलाड़ियों ने फाइनल में नहीं खेलने का फैसला लिया है। इसमें क्वालिफायर मैच में 22 बॉल पर 40 रन बनाकर टीम को फाइनल में पहुंचाने वाले स्टार क्रिकेटर केविन पीटरसन भी शामिल हैं। ढरछ का फाइनल 5 मार्च को लाहौर में होना है। फाइनल के वेन्यू के कारण किया ऐसा...

– पाकिस्तान सुपर लीग के अब तक सभी मैच यूएई में हुए, लेकिन टूर्नामेंट का फाइनल लाहौर में होना है। इसी को देखते हुए सुरक्षा कारणों से इंग्लिश क्रिकेटर केविन पीटरसन ने वहां नहीं जाने का फैसला लिया। 22



बॉल में 40 रन बनाने वाले पीटरसन की टीम जैसे ही 1 रन से रोमांचक मैच जीतकर फाइनल में पहुंची, उन्होंने फाइनल मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने ट्वीट क्या, ह्रकल लंदन में रहूंगा। बाय-बाय दुबई। फैमिली टाइम... पीटरसन का अपनी टीम को फाइनल में पहुंचे में काफी अहम रोल रहा। उन्होंने टूर्नामेंट में 34 के एवरेज से 241 रन बनाए।

**हो चुका है आतंकी हमला**

– दरअसल, पाकिस्तान में श्रीलंका क्रिकेट टीम पर 2009 में आतंकी हमला हो गया था। इसके बाद बड़ी मुश्किल से खिलाड़ियों को वहां से निकालकर श्रीलंका रवाना किया गया था। इस घटना के बाद से ही सभी टीमों ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया था। करीब 6 साल बाद 2015 में जिम्बाब्वे ने वहां वनडे सीरीज खेली थी।

**1 रन से जीता मैच**

क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम ने आखिरी ओवर में पेशावर जल्मी टीम के खिलाफ 1 रन से मैच जीता। पेशावर की टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए 6 रन चाहिए थे। बॉलर मोहम्मद नवाज ने दूसरी बॉल पर चार रन देने के बावजूद अपनी टीम को 1 रन से जीत दिला दी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## मां बनने के बाद

# पहली बार टीवी पर नजर आएंगी करीना कपूर

**बॉलीवुड** एक्ट्रैस करीना कपूर बेटे तैमूर को जन्म देने के बाद फिर काम में जुट गई हैं। करीना कपूर जल्द ही चैनल सोनी बीबीसी अर्थ के शो फील अलाइव को प्रमोट करती नजर आएंगी। फील अलाइव ने करीना को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। यह पहला मौका है जब करीना टीवी पर दिखाई देंगी। बता दें कि शो फील अलाइव के लिए शूट किए गए वीडियो को यू-ट्यूब पर अपलोड किया गया है जिसमें बेबो का दिल छुने वाला अंदाज देखा जा सकता है। बीहाइंड द सीन्स में इस वीडियो में आने वाले कार्यक्रम की झलक देखी जा सकती है। करीना जल्द ही फिल्मों में भी नजर आएंगी।जल्द ही फिल्मों में भी नजर आएंगी।

## 7 साल बाद नजर आएंगी ऐश्वर्या-अभिषेक की जोड़ी!



**अभिनेत्री** ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के फैन्स के लिए अच्छी खबर। ऐश्वर्या-अभिषेक दोनों एक फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। गुरु में कमाल की केमिस्ट्री से लोगों को फैन बनाने वाली ये जोड़ी फिर साथ होगी। आखिरी बार दोनों साल 2010 में आई फिल्म रावण में साथ नजर आए थे। इस फिल्म को मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया था। अब खबर है कि अभिषेक और ऐश्वर्या गुलाब जामुन नाम की फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अनुराग कश्यप प्रोड्यूस करने वाले हैं। वहीं इसे डायरेक्ट करने का जिम्मा किसी नए डायरेक्टर को मिलने वाला है। अगर दोनों यह फिल्म साइन कर लेते हैं तो फैन्स के लिए यह एक खास फिल्म होने वाली है। बच्चन फैमिली से जुड़ी एक और खबर सुर्खियों में है। वो ये कि अभिषेक, ऐश्वर्या और अमिताभ भी एक फिल्म साथ करने वाले हैं। खबर है कि फिल्म निर्देशक गोरांग दोषी तीनों को अपनी फिल्म में एक साथ लेने वाले हैं। तीनों दोषी की अपकमिंग फिल्म में एक साथ नजर आ सकते हैं। हालांकि अब तक इस खबर पर किसी तरह का ऑफीसियल स्टेटमेंट नहीं दिया गया है। लेकिन जल्द ही इस बात पर मुहर लग जाएगी। यानी एक बार फिर से तीनों के फैंस को ट्रिपल डोज का मजा मिलेगा। इससे पहले तीनों कजरारे-कजरारे में साथ नजर आए थे। इस गाने में तीनों की केमिस्ट्री और स्क्रीन प्रेजेंस ने इसे एक हिट नंबर बना दिया था। ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और अमिताभ बच्चन इससे पूर्व बंटी और बबली के सुपरहिट गाने कजरारे कजरारे.. तेरे कारे कारे नैना..में साथ नजर आ चुके हैं।

## टूटा गया रणवीर सिंह और दीपिका का रिश्ता



**अक्सर** साथ दिखने वाले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण इन दिनों सोलो अपीयरेंस दे रहे हैं। दीपिका ने ऑस्कर पार्टीज अटेंड कीं तो रणवीर सिंह इस पर भी चुप्पी साधे हुए हैं। XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' के हिट होने पर भी दीपिका के लिए रणवीर ने कोई कमेंट नहीं किया। हाल ही में दीपिका एक ब्रांड की लॉन्च पार्टी में नजर आई थी। जहां रिपोर्टर्स ने उन्हें रिलेशनशिप को लेकर खूब सवाल पूछे। जब एक रिपोर्टर ने पूछा की क्या रणवीर से उनके ब्रेकअप की खबरें सही हैं, तो दीपिका 'हां' या 'ना' कुछ भी कहने से बचते दिखीं और कहा 'आप जो सुनना चाहें मैं वही बोल दूंगी.' रणवीर और दीपिका दोनों शाहिद कपूर के बर्थ डे पार्टी में पहुंचे तो थे पर साथ नजर नहीं आए थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में भी दीपिका ने बताया था कि जब से मैं हॉलीवुड गई हूं मेरे पास दोस्तों और परिवार वालों के लिए बहुत कम ही समय बचता है। दीपिका ने बताया कि दो लोगों के रिश्ते में रहने के लिए ये भी जरुरी है कि वो एक दूसरे की डिमांड और सामने वाले के प्रोफेशन को समझें। वही दूसरी तरफ रणवीर ने भी इस बारे में कोई बातचीत नहीं की।